## इंस्टाग्राम के जरिए युवक ने युवती को ब्लैकमेल कर शारीरिक संबंध बनाने का बनाया दबाव, आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र की एक युवती ने सोशल मीडिया के जरिए युवक पर ब्लैकमेल कर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालने का आरोप लगाया है। सरोजनी नगर निवासी एक युवती के मुताबिक 7 मार्च 2026 को उसकी इंस्टाग्राम आईडी पर स्त्रॠल्लीi231 नाम की आईडी से मैसेज आया। उसका कहना है कि आरोपी ने उससे दोस्ती करने के लिए कहा, लेकिन मना करने पर युवती की उसके दोस्त के साथ वाली फोटो भेजकर उसे वायरल करने की धमकी देने लगा। पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद आरोपी लगातार उससे मिलने और शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बनाने के साथ अश्लील बातें करता रहा और अकेले मिलने के लिए कहता रहा। पीड़िता का कहना है कि कुछ समय बाद पता चला कि यह मैसेज विशाल पुत्र मुन्ना और उसका दोस्त सचिन राठौर पुत्र मदारी भेज रहे हैं। पीड़िता के मुताबिक विशाल उसका रिश्ते में चाचा लगता है, इसलिए उसने कभी इस तरह की हरकत की उम्मीद नहीं की थी। आरोप है कि दोनों आरोपी उसे धमकी दे रहे कि यदि उसने किसी को बताया तो उसे बर्बाद कर देंगे। इतना ही नहीं पीड़िता ने आरोपियों द्वारा घर आकर भी धमकाने का आरोप लगाया है। फिलहाल पीड़िता की शिकायत पर सरोजनीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पवित्र ग्रंथ गीता मनुष्य को कर्म करने की देता है प्रेरणा: दीप्ति किरण माहेश्वरी

कुरुक्षेत्र। राजसमंद की विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि पवित्र ग्रंथ गीता मनुष्य को कर्म करने की प्रेरणा देता है और जीवन के हर कठिन मार्ग पर चलने का मार्ग दर्शन भी करता है। इस पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों को अपने जीवन में धारण करना चाहिए। विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने राजस्थान के नाथद्वारा में आयोजित 2 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में पवित्र ग्रंथ गीता को जीवन का सार बताते हुए कहा कि यह ग्रंथ मनुष्य को कर्म करने की प्रेरणा देता है और जीवन के हर कठिन मार्ग पर मार्गदर्शन करता है

# लखनऊ में उत्तराखंड के लोगो द्वारा हरसौलास के साथ मनाया फूलदेई का त्योहार

## चैत्र संक्रांति के साथ उत्तराखंड मना रहा है प्रकृति देवी का पर्व - फूलदेई

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कामायनी में जयशंकर प्रसाद जी द्वारा लिखी गई ये पंक्तियाँ उत्तराखंड के लोकपर्व 'फूलदेई' या 'फूल संक्रान्ति' की सटीक व्याख्या करती हैं।

'कौन हो तुम वसंत के दूत, विरस पतझड़ में अति सुकुमार।
घन तिमिर में चपल की रेख, तपन में शीतल मंद बयार।'

देवभूमि उत्तराखंड विभिन्न संस्कृतियों को समेटे एक विशाल सभ्यता का नाम है। उत्तराखंड में संक्रांत से महीने बदलता है कई तरह की जाति और जनजातियों के मिश्रण से बना यह राज्य अपने नैसर्गिक रूप में ही अपने त्यौहारों के माध्यम से अपनी सुन्दर सांस्कृतिक धरोहरों को बयाँ करता है। उत्तराखंड में हिन्दू मास की प्रत्येक संक्रान्ति को एक विशेष त्यौहार के साथ मनाया जाता है जो उस माह की विशेषता से जुड़ा होता है। जैसे, फसल को बोने से लेकर काटने पर, स्थानीय ग्राम्य देवताओं की पूजा पर, विवाहिता महिलाओं के मायके से आने और जाने पर अलग-अलग त्यौहारों का खूब प्रचलन है।

इन्हीं में से एक है चैत्र मास के प्रथम दिन से मनाया जाने वाला पर्वतीय अंचल का लोकपर्व फूलदेई। इस त्यौहार का खास तौर पर बच्चों को बहुत इंतजार रहता है। इस संस्कृति का सबसे बड़ा महत्व ये भी देखने को मिलता है कि हिन्दू मान्यता में नवीन वर्ष को ठीक पतझड़ की समाप्ति और बसंत ऋतु के आगमन पर मनाया जाता है। और महीने भर चलने वाला यह लोकपर्व वैशाखी के दिन समाप्त हो जाता है।

यह समय नवीन ऊर्जा के संचार का होता है। खेतों में हरे गेहूँ और पीली सरसों नव वर्ष का स्वागत करते हैं। सर्दियों के मौसम की विदाई के उपरांत पहाड़ की ऊँची चोटियों पर पड़ी बर्फ धीरे-धीरे पिघलने लगती है। वनों में वृक्षों पर नई कोंपल आनी शुरू हो जाती हैं और हर फलदार वृक्ष फूलों से भर जाते हैं। लेकिन उत्तराखंड की पहचान विशेष रूप से खेतों की मुंडेर पर उगने वाले पीले फ्योंली के फूलों और जंगल में खिलने वाले लाल बुराँस के फूलों से की जा सकती है। ये दोनों फूल इतने खूबसूरत होते हैं कि कई लोक गीतों में प्रेमी और प्रेमिका के सौंदर्य की तुलना इनसे की जाती है। चारों ओर पहाड़ के जंगल, गाँवों में आडू, सेब, खुमानी, पोलम, मेलू के पेड़ों के रंग बिरंगे सफेद फूलों से बसंत के इस मौसम को बासंती बना देते है।

प्रकृति देवी की उपासना का प्रतीक है फूल संक्रान्ति हिन्दू वेद और उपनिषदों में प्रकृति को देवी के रूप में



पूजनीय बताया गया है। जिसका प्रमुख उद्देश्य निश्चित रूप से मानव को प्रकृति के साथ आत्मीयता बढ़ाना और उसका संरक्षण करना है। फूलदेई त्यौहार में गाँव के बच्चे सुबह उठकर जंगलों में जाकर रंगीन फूल चुनकर लाते हैं और सूर्योदय से पहले उन्हें अपने घर के पूजा-स्थान, देहरी और चूल्हे को चढ़ाते हैं। साथ ही बच्चे सुबह घर-घर जाकर घरों और मंदिरों की देहरी पर रंगबिरंगे फूल, चावल आदि बिखेरते हैं। पलायन जैसी महामारी झेल रहा उत्तराखंड राज्य आज अपनी हर संस्कृति से विमुख होता जा रहा है। समय के साथ हर बड़े रीति-रिवाज, त्यौहार और परम्पराएँ सोशल मीडिया तक सीमित होकर रह गई हैं।

बाँस की लकड़ियों से बनी टोकरी में लाते हैं रंगीन फूल बच्चे चैत्र मास के पहले दिन से बुराँस, फ्योंली, सरसों, कठफ्योंली, आड़ू, खुबानी, भिटौर, गुलाब आदि फूलों को तोड़कर घर लाते हैं। फूलों को रिंगाल से बनी टोकरी में सजाते हैं। बच्चे घर-घर जाकर ह्लफूलदेई-फूल देई छम्मा देई दैणी द्वार भर भकार यो देई सौं बारंबार नमस्कारह्न कहकर घरों और मंदिरों की देहरी पर फूल बिखरते हैं। इन पंक्तियों का अर्थ है, ह्लदेहरी के फूल भरपूर और मंगलमयी हो, घर की देहरी क्षमाशील हों और सबकी रक्षा करें, सबके घरों में अन्न का पूर्ण भंडार हो। बदले में लोग बच्चों को आशीर्वाद देकर गुड़, चावल, मिठाई और पैसे दक्षिणा के रूप में भेंट करते हैं। शाम को पारम्परिक गढ़वाली-कुमाउँनी पकवान बनाकर आस-पड़ोस में बाँटे जाते हैं। देखा जाए तो फूल संक्रान्ति बच्चों को प्रकृति प्रेम और सामाजिक चिंतन की शिक्षा बचपन से ही देने का एक आध्यात्मिक पर्व है। उत्तराखंड में चैत का महीना र भिटौली के लिए भी जाना जाता है, विशिष्ट परम्पराओं के लिए उत्तराखंड की अलग पहचान है इन्ही परंपराओं में एक मायके एवं ससुराल के प्रेम की अनूठी प्राचीन परम्पराओं में र भिटौली भी है। आज भी उत्तराखंड की विवाहित बहने चैत महीने का इंतजार करती है क्योंकि इस महीने मायके से उन्हें भिटौली दी जाती है भाई अपनी बहिनो को भिटौली देता है। ₹भिटौली₹ का शाब्दिक अर्थ है भेंट देना। समय के साथ इसके स्वरूप में बदलाव आया है लेकिन मायके एवं ससुराल के प्रेम की यह परम्परा आज भी हरसौउल्लास के साथ निभाई जा रही है। भिटौली सिर्फ रिवाज ही नही बल्कि विवाहिताओं के लिए मायके से जुड़ी यादों को समेटकर रखने का वार्षिक आयोजन है। भाई अपनी बहनों के लिये पूड़ी हलुआ, लगड़, मिठाई, वस्त्र, जेवर, एवं परंपरागत व्यंजनों के साथ जाता है। मायके से आने वाले व्यंजनों को पूरे ससुराल और गाँव बांटा जाता है। भिटौली का जल्दी आना सुब्ह माना जाता है बदलते परवेश में आज भी भिटौली की यह परंपरा जीवित है। शादी के बाद आने वाले पहले चैत माह को काला महीना मानते हुए लड़की 5 दिन या पूरे महीने मायके में ही रहती है। यह भी कहा जाता है कि शादी के बाद पहले चैत महीने के 5 दिन तक पती को अपने पति के मुख को भी नही देखना होता है इसलिए वह मायके चली जाती है। पहाड़ों से पलायन उत्तराखंड की संस्कृति को लीलता जा रहा है, शिक्षा और रोजगार के लिए पहाड़ों से दूर जाना लोगों की मजबूरी बन चुकी है, जिसका नतीजा है कि अब पहाड़ धीरे-धीरे खाली होते जा रहे हैं।

## शराब के नशे में मजदूर ने खाया जहरीला पदार्थ, इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक मजदूर ने शराब के नशे में जहरीला पदार्थ पी लिया। परिजनों ने उसे लोक बंधु अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई। बिजनौर के चंद्रावल निवासी सूरज कुमार (36) मजदूरी करता था। उसकी 2019 में उन्नाव जिले के अजगैन थाना अंतर्गत जमालपुर निवासी राम श्री के साथ शादी हुई थी। सूरज के पिता राजेश कुमार की करीब 5 वर्ष पहले मौत हो गई थी। जिसके बाद से सूरज अपनी मां सरला और छोटे भाई तुषार व दो बहनों के साथ रहता था। सूरज शराब का आदी था। जिसकी वजह से करीब डेढ़ वर्ष पहले उसकी पत्नी उसे छोड़कर अपने मायके चली गई।परिजनों का कहना है कि शुक्रवार सुबह सूरज ने शराब के नशे में कोई जहरीला पदार्थ पी लिया। उसके तेज उल्टियां होते देख परिजनों उसे आनन-फानन लोक बंधु अस्पताल ले गए। जहां सोमवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस का कहना है कि मृतक शराब का आदी था। शुरूआती जांच में अधिक शराब के नशे में जहरीला पदार्थ पीने की बात पता चली है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## स्वदेशी अपनाने और हर घर गाय पालन का दिया संदेश.......

### जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नरेन्द्रानन्द सरस्वती महाराज भी पहुंचे मंच पर

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। निगोहां में चल रही धार्मिक कथा के दौरान जगद्गुरु शंकराचार्य श्री काशी सुमेरु पीठाधीश्वर अनन्त श्री विभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नरेन्द्रानन्द सरस्वती जी महाराज ने लोगों को स्वदेशी अपनाने और गौपालन को बढ़ावा देने का संदेश दिया उन्होंने कहा कि देश को मजबूत बनाने के लिए सभी लोगों को स्वदेशी वस्तुओं का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए। यदि हर व्यक्ति कम से कम एक गाय का पालन करे तो इससे गौवंश की रक्षा होगी और गायों के कटने की घटनाओं पर भी रोक लग सकेगी।स्वामी नरेन्द्रानन्द सरस्वती ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही और अपराधियों को उनके ठिकानों में घुसकर पकड़ा जा रहा है। इसी वजह से प्रदेश कानून-व्यवस्था के मामले में



बेहतर स्थिति की ओर बढ़ रहा और उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन रहा उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है। उन्होंने भविष्य में उन्हें देश के प्रधानमंत्री के रूप में देखने की इच्छा भी व्यक्त की।कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और लोगों ने प्रवचन को ध्यानपूर्वक सुना।

### कन्या भोज के बाद चला विशाल भंडारा......

सात दिवसीय धार्मिक कथा के समापन के बाद सोमवार को कन्या भोज के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें गांव और आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे बड़ी संख्या में लोगों ने दर्जनों व्यंजनों का प्रसाद ग्रहण किया।आयोजक कृष्ण प्रकाश शुक्ला एवं हरि प्रकाश शुक्ला ने बताया कि हनुमान मंदिर परिसर में रविवार से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया था। कथा के समापन पर सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुशील शुक्ल, संजीवनी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ० अंकित शुक्ल, अमित शुक्ल, भाजपा नेता अभिषेक शुक्ल विन्ध्येश्वरी, सपा के वरिष्ठ नेता अमरपाल सिंह, अजय सिंह पूर्व प्रधान, संतोष त्रिवेदी, रिंकू शुक्ल, सुनील त्रिवेदी, केशव त्रिवेदी, समस्त शुक्ल परिवार व हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।।

## दहेज में फॉर्च्यूनर कार न मिलने पर विवाहिता को पीटकर घर से निकाला, आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र की एक विवाहिता ने दहेज में फॉर्च्यूनर कार और एसी की मांग पूरी न होने पर पति सहित ससुराल वालों पर मारपीट कर प्रताड़ित करने और घर से निकाल देने का आरोप लगाया है। सरोजनी नगर के आजाद नगर निवासी स्नेहा मौर्या के मुताबिक उसका विवाह 23 जून 2021 को काकोरी थाना क्षेत्र के सकरा निवासी प्रेम किशोर मौर्या के साथ हुआ था। आरोप है कि विवाह में उसके माता-पिता ने अपनी हैसियत से अधिक खर्च करते हुए करीब 10 लाख रुपये के गहने, नकदी और घरेलू सामान दिया था। पीड़िता का कहना है कि शादी के कुछ दिन बाद ही पति प्रेम किशोर, सास रामदुलारी और ननद गीता दहेज को लेकर उसे ताने देने लगे। आरोप है कि पति अक्सर शराब के नशे में घर आकर मारपीट करता और मायके से एसी व फॉर्च्यूनर कार लाने का दबाव बनाता था। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर आरोपी उसे गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी देते।स्नेहा का कहना है कि बाद में उसकी बेटी आर्ना का जन्म हुआ, जिसके बाद ससुराल वालों का उत्पीड़न और बढ़ गया। आरोप है कि कई-कई दिन तक उसे खाना नहीं दिया जाता था और बेटी पैदा होने पर भी ताने दिए जाते थे। वर्ष 2023 में पति उसे बेटी समेत सीमायके छोड़ गया और रखने से इंकार कर दिया। इसके बाद थाने में शिकायत पर सुलह कराई गई, लेकिन ससुराल वालों के व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। पीड़िता का आरोप है कि 8 जुलाई 2025 को पति ने उसके साथ मारपीट कर गहने छीन लिए और घर से निकाल दिया। तब से ससुराल वालों ने उसकी कोई खबर नहीं ली।इसके बाद परेशान पीड़िता ने इसकी शिकायत पुलिस से की। सरोजनी नगर पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति, सास और ननद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## यूपी में एआई और डिजिटल एजुकेशन मिशन शुरू करने का प्रस्ताव

**लखनऊ।** सरोजिनी नगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर उत्तर प्रदेश के स्कूलों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डिजिटल लिटरेसी और साइबर सिक्योरिटी शिक्षा को पाठ्यक्रम में शामिल करने का आग्रह किया है, ताकि छात्रों को तेजी से बदल रहे टेक्नोलॉजिकल एरा के लिए तैयार किया जा सके।



डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वर्ष 2030 तक ग्लोबल इकोनॉमी में 15 ट्रिलियन डॉलर से अधिक का योगदान दे सकती है। उन्होंने एक्सेंचर की सीईओ जूली स्वीट के इस बयान का भी उल्लेख किया कि भविष्य में प्रमोशन्स और करियर ग्रोथ कर्मचारियों की एआई टूल्स का प्रभावी उपयोग करने की क्षमता पर निर्भर करेगी। इससे स्पष्ट है कि एआई शिक्षा की शुरूआत शुरूआती स्तर से करना आवश्यक है।

विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने स्कूलों में एआई शिक्षा के विस्तार के लिए उ.प्र. एआई और डिजिटल एजुकेशन मिशन शुरू करने का प्रस्ताव रखा है। बढ़ते साइबर थ्रेट्स का उल्लेख करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने स्ट्राइकर कॉरपोरेशन पर हाल ही में हुए साइबरअटैक का संदर्भ दिया, जिसे कथित रूप से हैकिंग ग्रुप हंदाला हैकर्स से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि छात्रों को साइबर सेफ्टी, डेटा प्रोटेक्शन और रिस्पॉन्सिबल डिजिटल बिहेवियर के बारे में शिक्षा देना समय की आवश्यकता है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि एआई शिक्षा के विस्तार से युवाओं को फ्यूचर जॉब्स के लिए तैयार करने, साइबर अवेयरनेस बढ़ाने, इनोवेशन को प्रोत्साहन देने और उत्तर प्रदेश को टेक्नोलॉजी तथा एआई हब के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी।

## प्राकृतिक खेती पर किसानों को मिला प्रशिक्षण

### मलिहाबाद के गौंदा और खड़ौहां गांव में आयोजित कार्यक्रम में योजनाओं की दी गई जानकारी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद विकासखंड के गौंदा मोज्जमनगर और खड़ौहां गांव में सोमवार को एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक विकास अधिकारी (कृषि) मानवेंद्र सिंह ने की। इस दौरान किसानों को प्राकृतिक खेती की तकनीकों, फसल उत्पादन बढ़ाने के उपायों तथा सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मानवेंद्र सिंह ने कहा कि बदलते समय के साथ किसानों को आधुनिक तकनीकों को अपनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि उन्नत किस्म के बीजों का प्रयोग, संतुलित उर्वरकों का उपयोग, समय पर सिंचाई और कीट व रोग



किसानों को जानकारी देते एडीओ एजी

नियंत्रण के वैज्ञानिक तरीकों को अपनाकर किसान अपनी फसल की पैदावार बढ़ा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से कई योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ लेकर किसान अपनी खेती को अधिक लाभकारी बना सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को फसल विविधीकरण, मृदा परीक्षण और जैविक खेती के महत्व के बारे में भी विस्तार से बताया गया। अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि वे समय-समय पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेकर नई कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त करें और उसे अपनी खेती में लागू करें। कार्यक्रम में खंड तकनीकी सहायक विमल सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। इस दौरान किसानों ने खेती से जुड़ी अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं, जिनका मौके पर ही समाधान किया गया।

## डिप्टी सीएम से मिले सैन्य सेवा अधिकारी



**लखनऊ।** सैन्य सेवा क्षेत्र के वरिष्ठ अफसरों ने सोमवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के लखनऊ कैंप कार्यालय भेंटकर राज्य से जुड़े विभिन्न विकास पहलुओं तथा ग्रामीण विकास एवं औद्योगिक विकास से संबंधित विषयों पर चर्चा की। राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय रक्षा मंत्रालय नई दिल्ली के राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक अध्ययन विषय पर रक्षा क्षेत्र के सैन्य अधिकारियों व विभिन्न देशों से राजधानी पधारे हैं। वरिष्ठ महानुभावो / सैन्य अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थलों के भ्रमण के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए यहां की आर्थिक व सामाजिक स्थिति, इन्वेस्टमेंट, सुरक्षा, ग्रामीण विकास आदि के बारे में चर्चा की और विभिन्न जिज्ञासाएं रखी उनकी जिज्ञासाओं का समाधान उपमुख्यमंत्री ने किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने उनका स्वागत करते हुए कहा की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक करके भारत का माथा ऊंचा किया, इसके लिए वह उनका अभिनंदन करते हैं।

उपमुख्यमंत्री ने देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया सरकार की नीतियों, कृषि उत्पादन, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, ग्रामीण विकास, ग्रीन एनर्जी, निवेश फ्रेंडली नीतियो, कानून व्यवस्था कनेक्टिविटी आदि के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। उप मुख्यमंत्री ने सभी का स्वागत करते हुए विभिन्न विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भारत आर्थिक व सामरिक दृष्टि से हर क्षेत्र में मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार में गरीबी मुक्त भारत बनाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

## रहीमाबाद को मिलेगा आधुनिक थाना करोड़ों रुपयों से बनेगा नया भवन

### गढ़ी जिन्दौर में बनेगा अत्याधुनिक थाना परिसर, 186 गांवों की सुरक्षा व्यवस्था होगी और मजबूत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद क्षेत्र की कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में शासन ने अहम फैसला लिया है। गढ़ी जिन्दौर में रहीमाबाद थाने के नए भवन का निर्माण कराया जाएगा, जिसके लिए शासन ने 7 करोड़ 34 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत कर दी है। नए भवन के निर्माण से न केवल पुलिस व्यवस्था को मजबूती मिलेगी, बल्कि क्षेत्र की करीब 186 ग्राम पंचायतों की सुरक्षा व्यवस्था भी अधिक प्रभावी हो सकेगी। दरअसल, रहीमाबाद को 30 अक्टूबर 2022 को पुलिस चौकी से थाने का दर्जा मिला था, लेकिन तब से अब तक इसका संचालन पुराने चौकी भवन से ही किया जा रहा है। भवन छोटा होने के कारण पुलिस को प्रशासनिक कार्यों के संचालन में कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। थाना क्षेत्र काफी बड़ा होने के बावजूद सीमित संसाधनों में काम करना पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था। रहीमाबाद थाने के अंतर्गत 186 गांव आते हैं, जहां कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी पुलिस पर है। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुनायक ने बताया कि शासन द्वारा नए थाना भवन के निर्माण के लिए 7.34 करोड़ रुपये की स्वीकृति दे दी गई है। जल्द ही कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा और गढ़ी जिन्दौर में आधुनिक सुविधाओं से युक्त थाना भवन तैयार किया जाएगा। वर्तमान में थाने पर इंस्पेक्टर, दरोगा और अन्य कर्मचारियों सहित करीब 80 पुलिसकर्मी तैनात हैं। भवन की कमी के कारण अधिकांश पुलिसकर्मियों को कस्बे और आसपास के गांवों में किराये के मकानों में रहना पड़ता है। नए थाना भवन में पुलिसकर्मियों के लिए आवासीय व्यवस्था भी की जाएगी, जिससे सभी कर्मचारी थाने परिसर में ही रह सकेंगे। स्थानीय लोगों का मानना है कि नए थाना भवन के निर्माण से पुलिस की कार्यक्षमता बढ़ेगी और क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के साथ कानून व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

## परिवहन एप से लगेगा ई-रिक्शा पर हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट

### आरटीओं परिर्वतन ने दिये माल वाहन, और यात्री वाहन पर प्लेट को लगाने के निर्देश

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** करोना में कोई भी घर से बाहर नही निकलना चाहता है। ऐसे में परिवहन निगम ई-रिक्शा पर हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगवाने के लिए परिवहन एप बनाने जा रहा है जिससे कोई भी ई-रिक्शा चालक एप के माध्यम से नम्बर प्लेट घर मंगवाकर लगवा सकता है।

आरटीओं परिर्वतन ने बताया कि माल वाहन, और यात्री वाहन पर प्लेट को लगाने का निर्देश है। जिसके तहत ई-रिक्शा यात्री वाहन माना जाता है। इसलिए परिवहन विभाग के एप के तहत नम्बर प्लेट लगने में आसानी हो जायेगी। लखनऊ में विभिन्न रूटो ई-रिक्शा का संचालन हो रहा है। लेकिन जिस रूट पर आरटीओं ने ई-रिक्शा को चलने का परमिशन दिया है। उस रूट पर ई-रिक्शा न चलकर जहां ज्यादा कमाई होती है वहां पर चलने लगते है। आरटीओं ने बताया कि हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगने के बाद रिक्शा का रूट भी सही हो जायेंगा। क्योकि आनलाईन किसी भी ई-रिक्शा का प्लेट लगे होने से आसानी से पकड़ा जा सकेगा।

प्लेट लगने के बाद आरटीओं कार्यालय के कर्मचारी आसानी से सड़क पर चल रहे ई-रिक्शा को जांच कर उनपर कार्यवाही कर सकते है। आलमबाग के ई-रिक्शा मालिक रईस ने बताया कि पहले से नम्बर जिस गाड़ी में है उसमें हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाने की क्या जरुरत है। ई-रिक्शा तो सड़क पर 30 के स्पीड से ज्यादा नही चलता है। और फिर जब मेन सड़क पर ई-रिक्शा को जाने का परमिशन नही है तो हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाने की क्या जरुरत है।

## बीसी सखियों ने बनाया रिकॉर्ड

- 45 हजार करोड़ रुपये का किया वित्तीय लेनदेन
- प्रयागराज पहले स्थान पर, बरेली दूसरे और शाहजहांपुर तीसरे नंबर पर

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में प्रदेश के गांवों की तस्वीर तेजी से बदल रही है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जरिए ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की मुहिम ने बड़ा असर दिखाया है। बीसी सखी योजना के माध्यम से गांव-गांव तक बैंकिंग सेवाएं पहुंच रहीं हैं और 40 हजार से ज्यादा महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर रहीं हैं।

प्रदेश में पहली बार योगी सरकार के कार्यकाल में ग्रामीण बैंकिंग को इतनी रफ्तार मिली है। बीसी सखियां गांवों में बैंकिंग प्रतिनिधि के रूप में काम करते हुए खातों में पैसे जमा-निकासी, आधार आधारित लेनदेन और सरकारी योजनाओं का भुगतान जैसी सेवाएं लोगों तक पहुंचा रहीं हैं। इससे ग्रामीणों को बैंक जाने की परेशानी कम हुई है और महिलाओं के लिए सम्मानजनक रोजगार का रास्ता भी खुला है। प्रदेश की बीसी सखियां अब तेजी से वित्तीय लेनदेन को बढ़ावा दे रहीं हैं। यह आंकड़ा जल्द ही 50 हजार करोड़ रुपये के करीब पहुंचने की ओर अग्रसर है।

ग्रामीण महिलाएं अब तक लगभग 45 हजार करोड़ रुपए का वित्तीय लेनदेन कर चुकीं हैं। इसके अंतर्गत उन्हें लगभग 120 करोड़ का कमीशन मिला है। कई बीसी सखियां हर महीने 40 से 50 हजार रुपये तक कमीशन भी अर्जित कर रहीं हैं, जिससे ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार देखने को मिल रहा है।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर आजीविका मिशन के माध्यम से अब तक एक करोड़ से अधिक महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा गया है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं अब उद्यमिता, बैंकिंग और विभिन्न स्वरोजगार गतिविधियों के जरिए अपनी अलग पहचान बना रहीं हैं। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त मिशन निदेशक जनमेजय शुक्ला के अनुसार प्रदेश में अब तक 50,225 बीसी सखियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जिनमें से करीब 40 हजार महिलाएं सक्रिय रूप से कार्यरत हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करा रहीं हैं।

बीसी सखियों के जरिए होने वाले लेनदेन के मामले में प्रयागराज जिला प्रदेश में पहले स्थान पर है, जहां 1030 बीसी सखियां सक्रिय हैं। इसके बाद बरेली में 890 और शाहजहांपुर में 813 बीसी सखियां कार्य कर रहीं हैं। बीसी सखी मॉडल ने गांवों में वित्तीय समावेशन को मजबूत करने के साथ-साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक नई मिसाल पेश की है। आने वाले समय में इस योजना का दायरा और बढ़ाने की तैयारी है, जिससे प्रदेश के और अधिक गांवों में आर्थिक बदलाव की रफ्तार तेज होगी।

## संक्षेप

### तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना अचलगंज क्षेत्र के आजाद मार्ग चौराहे से शुक्ला गंज की ओर जा रहे बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे गिट्टी लदे डंपर ने टक्कर मार दी ।जिससे वह बाइक समेत डंपर के नीचे आ जाने से युवक का एक पैर कट कर अलग हो गया। सूचना पर पहुंची बदरका चौकी पुलिस ने घायल को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा है ।जहां से उसे गंभीर हालत में हैलेट भेजा गया है। थाना क्षेत्र के जमेल निवासी सुशील कुमार रावत सोमवार सुबह बाइक से शुक्ला गंज की ओर जा रहा था ।जैसे ही आजाद मार्ग चौराहे से शुक्लागंज की ओर मुडा सामने से आ रहे गिट्टी भरे डंपर ने टक्कर मार दी । जिसमें सुशील बाइक समेत डंपर के नीचे आ गया और उसके बाएं पैर के ऊपर से ट्रक का पहिया निकल जाने से बायां पैर घुटने से अलग हो गया है। दुर्घटना होते ही बाइक सवार सुशील बुरी तरह घायल होकर सड़क पर तड़पने लगा। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल भेजा गया। जहां से हैलेट रेफर किया गया है। एस ओ ब्रजेश कुमार शुक्ल ने बताया कि डंपर पुलिस के कब्जे में है उसके चालक की तलाश की जा रही है ।

### जमीनी विवाद को लेकर घर में घुसकर की मारपीट



अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासिनी महिला ने थाने में तहरीर देकर कहा कि मैं सायंकाल घर में काम कर रही थी इस दौरान मेरे ही गांव की सुरेंद्र वीरेंद्र महेंद्र पुत्रगण कैलाश व पंकज पुत्र बेचा लाल मेरे दरवाजे पर आकर मेरी जमीनी विवाद से संबंधी गंदी गंदी गालियां देने लगे मैंने मना किया तो मुझे घर से खींचकर कुल्हाड़ी लाठी डंडों और लात फूलों से मारा पीटा तथा कपड़े फाड़ दिए और वस्त्र विहीन कर दिया तभी आवाज सुनकर मेरी पुत्री व मेरी बहू मुझे बचाने के लिए आई उसे भी बुरी तरह मारा पीटा मारपीट के दौरान सुरेंद्र ने मेरी बहू का मंगलसूत्र व महेंद्र ने मेरी पुत्री के गले में सोने की चेन छीन लिया मारपीट में मुझे वह मेरे दोनों पुत्रियां व बहू को काफी छोटे आई जिसका उपरोक्त घटना का वीडियो रिकॉर्डिंग मेरे पास में है जिला अस्पताल उन्नाव में भर्ती कराया तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिया।

# देवमई के सिद्धेश्वर धाम में गूंज रही श्रीमद् भागवत कथा, प्रबल जी महाराज ने सुनाए श्रीकृष्ण लीला के प्रसंग

अमन लेखनी समाचार



मौरावां, उन्नाव। थाना क्षेत्र के ग्राम देवमई स्थित प्राचीन सिद्धेश्वर धाम मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। भागवताचार्य प्रबल जी महाराज ने अपनी मधुर वाणी से भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कथा के दौरान उन्होंने पूतना वध, त्रिणावर्त, अघासुर, बकासुर वध तथा माखन चोरी जैसे कई प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। साथ ही काली तांडव नृत्य सहित कई मनमोहक झांकियों ने पंडाल में बैठे श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा सुनने के लिए दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं से पूरा पंडाल खचाखच भरा रहा।

भागवताचार्य प्रबल जी महाराज ने कहा कि मनुष्य जैसा कर्म करता है, उसे उसी के आधार पर फल और दंड मिलता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा जीवन का सार है और इसे मन, कर्म व वचन से सुनने और अपनाने से मनुष्य भवसागर से पार हो सकता है। उन्होंने राजा परीक्षित का उदाहरण देते हुए बताया कि जैसे उन्होंने कथा श्रवण कर मोक्ष प्राप्त किया, उसी प्रकार श्रद्धापूर्वक कथा सुनने से मानव जीवन सफल हो सकता है।

कथा के दौरान श्रद्धालु राधे-राधे और कृष्ण-कृष्ण के जयघोष के साथ तालियां बजाते हुए कथा का आनंद लेते रहे। महिलाओं और बच्चों ने भी भक्ति भाव से कथा में झूमकर भाग लिया।

कथा के अंत में श्रद्धालुओं ने संकल्प लिया कि वे जीवन में ऐसा कोई कार्य नहीं करेंगे जिससे उनके वर्तमान और अगले जन्म के कर्म खराब हों। इस अवसर पर भागवताचार्य ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। इसके बाद आरती और प्रसाद वितरण किया गया।

व्यासपीठ से 17 मार्च को भंडारे की घोषणा भी की गई और सभी श्रद्धालुओं से भंडारे में सम्मिलित होकर प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया गया। इस दौरान निर्मल टेंट हाउस एवं साउंड सर्विस के परिवार को भी आशीर्वाद दिया गया।

कथा में ढोलक वादक यशपाल (इटावा) और ऑर्गन वादक संजय (उन्नाव) ने अपनी संगीत कला से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पंचम माली, सिद्धेश्वर मंदिर के पुजारी मन्नी बाबा, हरि चौधरी, मोहित लोधी, मोहित प्रजापति, सरवन, बराती लाल, सेवक माली सहित क्षेत्र व ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।

# बदलते मौसम में बढ़ी मरीजों की संख्या

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मौसम के अचानक बदलाव से बीमारियां बढ़ गई हैं। दिन में तेज धूप और रात में हल्की ठंड के कारण सर्दी-जुकाम और वायरल संक्रमण तेजी से फैल रहा है। सोमवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव साफ दिखाई दिया।सोमवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में एक हजार से अधिक मरीज चिकित्सकीय परामर्श के लिए पहुंचे। सुबह से ही पर्चा काउंटर पर लंबी कतारें लग गईं। मरीजों को पर्ची बनवाने से लेकर डॉक्टर से सलाह लेने तक घंटों इंतजार करना पड़ा। अस्पताल परिसर में हर तरफ मरीजों और उनके तीमारदारों की भीड़ देखी गई ।कई मरीजों ने सर्दी-जुकाम, सिरदर्द, बदन दर्द, आंखों में जलन, कमजोरी और हल्के बुखार की शिकायत की। मरीज मोनू ने बताया कि उन्हें सर्दी-जुकाम के साथ सिरदर्द और बदन दर्द है। डॉक्टरों के अनुसार, यह मौसम परिवर्तन के कारण फैलने वाला वायरल संक्रमण है, जो तापमान में अचानक बदलाव होने पर सक्रिय हो जाता है।जिला अस्पताल के फिजीशियन डॉ. कौशलेंद्र प्रकाश ने बताया कि बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने सुबह-शाम की ठंड से बचने, हल्के गर्म कपड़े पहनने, गुनगुना पानी पीने और तेज धूप से बचने की सलाह दी। साथ ही, विटामिन-सी युक्त फल और हरी सब्जियों का सेवन बढ़ाने को भी कहा गया है ।सीएमएस डॉ. राजीव गुप्ता ने जानकारी दी कि सभी डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों को मरीजों को बेहतर और त्वरित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। अस्पताल प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। उन्होंने यह भी बताया कि मार्च माह तक वायरल संक्रमण के मामले बढ़े रह सकते हैं ।इसलिए लक्षण गंभीर होने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेना जरूरी है। मौसम के बदले मिजाज ने स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव बढ़ा दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि सतर्कता, संतुलित दिनचर्या और खानपान में सावधानी अपनाकर मौसमी बीमारियों से काफी हद तक बचाव संभव है। फिलहाल जिला अस्पताल में मरीजों की बढ़ती संख्या स्वास्थ्य विभाग के लिए चुनौती बनी हुई है।

# सड़क दुर्घटना मे मृतक बेटी की मौत के बाद पिता ने पुलिस को दी तहरीर

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव।बिहार थाना क्षेत्र के कस्बा भगवन्तनगर निवासी गोविन्द कुमार शुक्ला पुत्र कृष्ण कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरी बेटी शालिनी शुक्ला उम्र 21 वर्ष 9 मार्च को घर से गेहूं पिसाने अपने रिश्तेदार मोहित बाजपेई निवासी हिन्दू नगर बिहार के साथ आजबखेड़ा गयी थी ।गेंहू की गठरी चक्की पर रखने के बाद वापस आते समय अजबखेड़ा मे बिहार बक्सर मार्ग पर मोहित पेशाब करने के लिए रुक गया और स्कूटी सड़क के किनारे खड़ी कर दी ।वही पर बेटी शालिनी भी खड़ी हो गई । सुमेरपुर की तरफ से आ रहे स्प्लेण्डर मोटर साइकिल सवार युवक ने सड़क के बाहर खड़ी शालिनी को टक्कर मार दिया । जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गई ।ग्रामीणों ने उसे इलाज हेतु प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र पहुंचाया । जहां डाक्टर ने इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया । जिला अस्पताल मे दो दिन इलाज के बाद उसे हैलेट कानपुर रेफर कर दिया । जहां इलाज के दौरान शनिवार को बेटी की मौत हो गई । शालिनी की मौत से मां सविता देवी बहन सोनाली व भाई भाई सौरभ का रो रो कर बुरा हाल है ।

# जमीनी विवाद को लेकर दबंगो ने युवक को लाठी डंडों से पीटा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना माखी क्षेत्र के पवई गांव में जमीन विवाद को लेकर एक युवक पर लाठी-डंडों से हमला किया गया है। इस हमले में युवक के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। घायल युवक ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है ।यह घटना माखी थाना क्षेत्र की है। पीड़ित धीरू मिश्रा (पुत्र रमेश मिश्रा, निवासी पवई) के अनुसार, 13 मार्च को वह अपनी जमीन पर ट्रैक्टर-ट्रॉली का कल्टीवेटर और रोटावेटर रख रहे थे। उसी दौरान गांव के लालजी (पुत्र लक्ष्मी नारायण), महेश (पुत्र लक्ष्मी नारायण) और उदय (पुत्र लालजी) वहां पहुंचे और कथित तौर पर गाली-गलौज करने लगे ।पीड़ित का आरोप है कि जब उन्होंने गाली देने का विरोध किया, तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में उनके सिर पर गंभीर चोट लगी और वे घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए ।धीरू मिश्रा ने बताया कि आरोपी पक्ष से उनका काफी समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी विवाद के चलते आए दिन कहासुनी और झगड़े होते रहते हैं। पीड़ित का आरोप है कि घटना के बाद भी आरोपी पक्ष उन पर समझौता करने का दबाव बना रहा है ।पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपियों ने प्रशासनिक अधिकारियों को गुमराह कर जमीन के मामले में गलत रिपोर्ट लगवाई है, जबकि यह भूमि विवाद का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। धीरू मिश्रा का कहना है कि वह कई बार संबंधित अधिकारियों के पास अपनी शिकायत लेकर गए, लेकिन अभी तक उन्हें न्याय नहीं मिल सका है ।इस पूरे मामले को लेकर पीड़ित ने उच्च अधिकारियों से गुहार लगाई है कि घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाए और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि उन्हें न्याय मिल सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में जमीन को लेकर अक्सर विवाद होते रहते हैं, जिसके कारण कई बार तनाव की स्थिति भी बन जाती है। ऐसे मामलों में समय रहते प्रशासनिक हस्तक्षेप जरूरी होता है। फिलहाल पीड़ित न्याय की उम्मीद में अधिकारियों के दरवाजे खटखटा रहा है।

# पास्को एक्ट के एक वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह के निदेर्शानुसार अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आज सोमवार को कोतवाली पुलिस ने पाक्सो एक्ट के एक वारंटी को दबोच लिया। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर उसे न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भुड्डा निवासी झब्बू पुत्र महादेव ने एक नाबालिग पीड़िता का अपहरण कर लिया था। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध नाबालिग पीड़िता के अपहरण, छेड़छाड़ एवं जान से मार डालने की धमकी देने के तहत घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पिछले दिनों अभियुक्त झब्बू के विरुद्ध जिला न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किया जा चुका था। इसके बावजूद अभियुक्त संबंधित न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहा था। आज सोमवार को कोतवाली के उपनिरीक्षक वीरेंद्र विक्रम सिंह और आरक्षी अंकित चौधरी ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त झब्बू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर उसे न्यायालय भेज दिया।

# ट्रक ने कार में मारी टक्कर मासूम समेत चार घायल

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। सोमवार दोपहर बिछिया के पास तेज रफ्तार ट्रक ने एक कार को टक्कर मार दी। जिससे कार में सवार एक मासूम बच्चे समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज चल रहा है। मामला पुरवा कोतवाली क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार कासिफ अली सराय निवासी साइमा (20), नायब (3), राणा बेगम और आसिफ कार से मछरावां की ओर जा रहे थे। परिजनों के मुताबिक सभी लोग रिश्तेदारों के यहां ईदी देने जा रहे थे ।इसी दौरान बिछिया के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुरवा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को भर्ती कर लिया। चिकित्सकों के अनुसार घायलों की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है, लेकिन उन्हें निगरानी में रखा गया है ।प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और हादसा हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। पुरवा कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। परिजनों के मुताबिक ईद की खुशियां मनाने निकले परिवार के साथ हुए इस हादसे से घर में चिंता का माहौल है। पुलिस ने वाहन चालकों से सावधानीपूर्वक गाड़ी चलाने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

# तहसील सभागार में गैस एजेंसी संचालकों की हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। बांगरमऊ तहसील सभागार में सोमवार को क्षेत्र के रसोई गैस एजेंसी संचालकों और पुलिस की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में एजेंसी संचालकों से रसोई गैस के स्टॉक की जानकारी हासिल की गई। उपजिलाधिकारी बृजमोहन शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित रसोई गैस संचालकों की बैठक में एजेंसी संचालकों से घरेलू और कामर्शियल रसोई गैस दोनों के स्टॉक की जानकारी मांगी गई। इस पर सभी संचालकों ने जानकारी दी कि उनकी गोदाम में घरेलू रसोई गैस रिफिल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। वर्तमान में गैस की बुकिंग की समस्या तथा उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर पर ओटीपी न आने की समस्या का समाधान किया जा चुका है। निर्धारित टोल फ्री नंबर पर बुकिंग करने के बाद एजेंसी द्वारा उपभोक्ताओं को डोर-टू-डोर गैस सिलेंडर की आपूर्ति शुरू कर दी गई है। बैठक में अमित-सुमित गैस एजेंसी संचालक अनमोल, मोना गैस एजेंसी संचालक सादिक खान, पवन इंडेन ग्रामीण वितरक अनूप कुमार, मां वैष्णो एच पी गैस संचालक बंटी, निर्मला इंडेन गैस एजेंसी के संदीप सिंह व मां भुवनेश्वरी गैस एजेंसी के संचालक ब्रजेंद्र सिंह के अलावा पुलिस उपाधीक्षक संतोष कुमार सिंह और कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चंद्र पांडेय मौजूद रहे।

# दस कूलर ही लगाकर ठेकेदार हुआ रफूचक्कर

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। न्योतनी नगर पंचायत में विकास कार्यों को लेकर अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। कार्यदायी संस्था को अलग-अलग वार्डों के मुख्य मार्गों पर 15 वाटर कूलर लगाने का ठेका मिला था, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार केवल 10 वाटर कूलर लगाकर ही काम छोड़कर चला गया। कस्बे के लोगो ने शेष पांच वाटर कूलर लगवाने की मांग की है। न्योतनी नगर पंचायत में अनन्या इंटर प्राइजेज कार्यदाई संस्था को 41.11 लाख रुपये की लागत से 15 वाटर कूलर लगाने की स्वीकृति दी गई थी। स्थानीय निवासी अधिवक्ता सुशील कुमार सिंह और गुलजार अख्तर ने आरोप लगाया कि 15 की जगह दस वाटर कुलर लगाए गए साथ ही लगाए गए वाटर कूलरों से निकलने वाले पानी की निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई है और न ही सीमेंटेड चैंबर बनाया गया है, जिससे आसपास गंदगी फैल रही है ।वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष ओम प्रकाश कनौजिया ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि सभी 15 वाटर कूलर लगाए जा चुके हैं। उनका कहना है कि शिकायतकर्ता बार-बार खर्च की मांग करते हैं और न देने पर फर्जी शिकायतें कर सोशल मीडिया पर छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में प्रशासन को लिखित प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग करेंगे

# घूरामऊ पुलिया पर सुरक्षा इंतजाम की मांग, सपा कार्यकताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। मोहान औरास मार्ग स्थित घूरामऊ पुलिया के पास रेडियम युक्त ब्रेकर व चेतावनी संकेतक न होने से आए दिन हादसे हो रहे हैं। अंधेरे में पुलिया का अंदाजा न लग पाने से कई लोग नहर में गिरकर चोटिल हो चुके हैं, जिससे क्षेत्रवासियों में आक्रोश व्याप्त है ।इसी समस्या को लेकर समाजवादी पार्टी के मोहान विधानसभा अध्यक्ष अशोक सिंह ने करीब दर्जन भर कार्यकर्ताओं के साथ एसडीएम प्रज्ञा पांडेय को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने पुलिया के पास रेडियम युक्त ब्रेकर, संकेतक बोर्ड व अन्य सुरक्षा इंतजाम जल्द कराने की मांग की, ताकि दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। इस दौरान राहुल यादव, शिव सिंह,हर्ष शर्मा,संत राम,शिव शंकर सहित सपा के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ईद व नवरात्रि पर्व को लेकर संभ्रांत नागरिकों के साथ की गई बैठक



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली परिसर में आगामी ईद और नवरात्रि पर्वों को लेकर प्रशासन ने संभ्रांत नागरिकों के साथ एक बैठक की। इस बैठक में धर्मगुरुओं, व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया ।सोमवार दोपहर करीब तीन बजे हुई इस बैठक में प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस संचित शर्मा ने सभी से भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। वहीं, एसडीएम शिवेंद्र वर्मा ने नागरिकों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सतर्कता बरतने की सलाह दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेशों से बचने के लिए भी आगाह किया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए जनसहयोग अत्यंत आवश्यक है।

# अज्ञात डंपर ने बाइक सवार को मारी टक्कर महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जाजमऊ पुल पर सोमवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है ।मृतका की पहचान कानपुर नगर के कुली बाजार, थाना अनवरगंज निवासी नईमा बेगम (45) पत्नी वकील अहमद के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि नईमा बेगम अपने परिजन अदनान (20) के साथ बाइक से कहीं जा रही थीं ।इसी दौरान जाजमऊ पुल पर पीछे से आ रहे एक अज्ञात डंपर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि नईमा बेगम सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही थाना गंगाघाट पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने घायल अदनान को सुरक्षित स्थान पर भेजते हुए महिला के शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने आवश्यक पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल उन्नाव की मोर्चरी भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद डंपर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से वाहन की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा और जल्द ही वाहन व चालक की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।

## गैस किल्लत की शिकायत पर एसडीएम-सीओ का छापा, एजेंसी में मिला सिलिंडर का पर्याप्त स्टॉक

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। क्षेत्र में गैस सिलिंडर की किल्लत की मिल रही शिकायतों को लेकर सोमवार को एसडीएम प्रज्ञा पाण्डेय, सीओ अरविंद चौरसिया ने मोहान पुछड़ा चौराहें के पास स्थित सिद्धि विनायक गैस एजेंसी पहुंचकर स्टॉक रजिस्टर की जांच की तथा सिलिंडर लेने आए उपभोक्ताओं से बातचीत कर जानकारी ली ।जांच के दौरान एजेंसी परिसर में मौजूद उपभोक्ताओं ने किसी प्रकार की समस्या नहीं बताई, सीओ अरविंद चौरसिया ने मैनेजर को निर्देश दिया कि किसी उपभोक्ताओं को अनर्गल परेशान न किया जाए , विवाद की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दे, एजेंसी मैनेजर तनवीर ने बताया कि एजेंसी में करीब 500 भरे गैस सिलिंडर उपलब्ध हैं और उपभोक्ताओं को नियमित रूप से वितरण किया जा रहा है।

## संक्षेप

### महिला ने लगाया मारपीट का आरोप

**लात घूसा मुक्का व चप्पड़ से किया हमला**

अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। फखरपुर थाना क्षेत्र की एक महिला ने तहरीर देकर बताया है कि उसके और उसकी बहन के ऊपर लात घुसा मुक्का हुआ चाकू चप्पड से हमला किया गया है। फखरपुर कस्बा के खालिदपुर ग्राम निवासिनी कनिज फातिमा ने थाने में तहरीर देकर बताया कि कुछ आपसी वाद विवाद को लेकर विपक्षी रसीद, पप्पू, राजू, राजा व मुन्नन निवासी खालिदपुर ने मुझको व मेरी बहन मिसाल फातिमा को गाली देते हुए मारने पीटने लगे व लाठी डंडे वह चप्पड़ से भी हमला किया जिससे उसकी बहन मिसाल फातिमा का सर फट गया है। शोर मचाने पर कई लोग दौड़ कर आए और बीच बराव कराया थाने से मेडिकल के लिए फखरपुर सीएससी भेजा गया है जहां पर बहन का इलाज जारी है।

### खेत में करंट लगने से बुजुर्ग की मौत

**पानी लगाते समय बिजली के खंभे में करंट उतरने से हादसा**

अमेठी, इन्हौना थाना क्षेत्र के अशरफपुर में खेत में पानी लगाते समय बिजली के करंट की चपेट में आने से एक बुजुर्ग किसान की मौत हो गई। यह घटना शनिवार सुबह करीब 11 बजे की है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी 65 वर्षीय सूर्यपाल पिता पुरई अपने खेत में पानी दे रहे थे। इसी दौरान खेत के पास लगे बिजली के खंभे से अचानक करंट उतर आया, जिसकी चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। इस हादसे की खबर फैलते ही अशरफपुर गांव में मातम छा गया। मृतक के परिजनों में दुख का माहौल है। थाना प्रभारी इन्हौना विवेक सिंह ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### सांसद किशोरीलाल शर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष के घर पहुंचे

**परिजनों से मिले, श्रद्धांजलि दी; राहुल गांधी से फोन पर कराई बात**

अमेठी, सांसद किशोरीलाल शर्मा देर शाम अमेठी पहुंचे। उन्होंने दिवंगत कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष और प्रदेश महासचिव के घर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने पूर्व जिलाध्यक्ष के परिवार को ढांढस भी बंधाया। सांसद शर्मा ने अमेठी कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष दिवंगत योगेंद्र मिश्रा की तेरहवीं में पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने नेता विपक्ष राहुल गांधी की ओर से भेजी गई पुष्पमाला अर्पित की और परिवार से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस कठिन समय में राहुल गांधी ने परिवारजनों से फोन पर बात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने आगामी दौरे में घर आने का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, रायबरेली के जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, निर्मल शुक्ला और कोऑर्डिनेटर रोहित सिंह समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

# जायसवाल उत्थान समिति द्वारा आयोजित हुआ होली मिलन समारोह

## समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों तथा मेधावियों का हुआ सम्मान

**कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे महामंडलेश्वर स्वामी रवि गिरी जी महाराज**

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। जायसवाल उत्थान समिति द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में आए हुए अतिथियों ने जायसवाल समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा रोजगार तथा एकजुटता देने पर अपने-अपने विचार रखें। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा से ही समाज का विकास संभव है और एकजुटता ही हमारी मजबूती है। जायसवाल उत्थान समिति बहराइच द्वारा आयोजित होली मिलन एवं हृदय मिलन समारोह पुलिस लाइन रोड बहराइच स्थित यश लॉन में बहुत ही भव्य तरीके से मनाया गया। हजारों की संख्या में स्वजातीय बंधुओ ने कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सिद्धनाथ मंदिर के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी श्री रवि गिरी जी महाराज रहे। महाराज जी ने सभी से एकजुट होकर समाज हित और देश हित में काम करने के लिए आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सदस्य जिला पंचायत एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिवपुर पुरुषोत्तम सिंह जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों ने अपने उद्बोधन में समाज को एकजुट रखने, लोगों को एक दूसरे के सुख दुःख में साथ खड़े रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया और काव्य पाठ भी हुआ। समाज में अच्छा कार्य करने वाले विशेष व्यक्तियों समाज के जनप्रतिनिधि और समाज के मेधावी बच्चों को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शिवपुर पुरुषोत्तम सिंह जायसवाल, दिनेश जायसवाल एडवोकेट, पप्पू जायसवाल, सदस्य जिला पंचायत हरीश गांधी, संतोष जायसवाल, डॉ अनीता जायसवाल, बेचेलाल जायसवाल प्रधान, संजय जायसवाल तहलका, विकास जायसवाल धोनी, सुभाष जायसवाल, सुनील जायसवाल एडवोकेट एडीजीसी, एडवोकेट दिलीप जायसवाल कराटे कोच, संत कुमार सिंह जायसवाल, रामनिवास जायसवाल, मुन्ना जायसवाल, अजय जायसवाल, जगदीश जायसवाल, राम शंकर जायसवाल, हरीश जायसवाल, उमाकांत जायसवाल, राहुल जायसवाल, मनोज जायसवाल, नरेंद्र जयसवाल, नंदलाल जायसवाल आयुष जायसवाल सहित काफी संख्या में जायसवाल समाज के लोग उपस्थित रहे

# रायगंज में सरयू नदी के भगहर में डूबा किशोर, परिजनों में मचा कोहराम

**पुलिस, राजस्व व एनडीआरफ महकमा मौजूद, देर शाम तक नहीं मिला था शव**

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। सरयू नदी के भगहर किनारे शौच करने गए बालक की डूबने से हुई मौत, खैरीघाट पुलिस व राजस्व महकमें की मौजूदगी में स्थानीय गोताखोरों व एनडीआरएफ की टीम द्वारा कई घंटे तक की गई शव की तलाश, ग्रामीणों में मचा हड़कंप, परिजनों में शोक, ग्रामीणों की जुटी भारी भीड़। जनपद बहराइच के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रायगंज मे आज सोमवार लगभग 1:00 गांव निवासी राम सहारे का लगभग 16 वर्षीय बालक अनुज वर्मा सरयू नदी के भगहर के किनारे शौच को गया हुआ था, वहीं पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया और डूबने से मौत हो गई। जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची चौकी वैवाही पुलिस ने ग्रामीणों संग शव की खोज में घंटों प्रयासरत रहे। पिता राम सहारे ने बताया कि बालक कक्षा तीन का छात्र था और रामपुर में पढ़ता था। सूचना पर राजस्व महकमे से नायब तहसीलदार मथुरा प्रसाद व संबंधित लेखपाल श्याम प्रसाद व प्रभारी निरीक्षक खैरीघाट आनंद कुमार सिंह दल बल सहित घटनास्थल पर रहे मौजूद। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार सिंह ने बताया कि शव की खोजबीन कराई जा रही है। बॉडी मिलने पर आवश्यक संवैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# जवान का पार्थिव शरीर पहुंचा गांव मचा कोहराम

**भारत माता की जय जयकारों के साथ नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई**

अमन लेखनी समाचार /शोभित शुक्ला



फतेहपुर। जनपद के मलवां विकासखंड अंतर्गत अमौरा गांव निवासी अमर बलिदानी 25 वर्षीय शिवम सिंह का पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचा सूचना मिलने पर जनपद के अनेक क्षेत्रों समेत क्षेत्र के लोगों का भारी जन सैलाब अंतिम दर्शन के लिए उमड पड़ा वही पार्थिव शरीर के घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया सेना के जवानों ने पार्थिव शरीर पैतृक गांव निज निवास पहुंचाया जहां जनपद के जन प्रतिनिधियों समेत शासन प्रशासन के अधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नाम आंखों से अमर बलिदानी को अंतिम विदाई दी मिली जानकारी के अनुसार 25 वर्षीय शिवम सिंह सेना में भर्ती हुए जहां ट्रेनिंग के दौरान बिगत 27 फरवरी को गिर जाने से वह बुरी तरह घायल हो गए आनन-फानन सेना के जवान शिवम सिंह को अस्पताल ले गए जहां गंभीर चोट आने से शिवम सिंह कोमा में चले गए वहीं उपचार के चलते विगत दिवस 14 मार्च को भारत माता की सेवा में तत्पर होने वाले शिवम सिंह की सांसे थम गई जिसकी सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया अंतिम दर्शन के पश्चात अमर बलिदानी का अंतिम संस्कार संपन्न कराया गया जहां अंतिम यात्रा में शिवम सिंह अमर रहे भारत माता के जय आदि के जयकारों से समूचा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा सेना के जवानों ने गार्ड आफ आनर देकर सलामी दी तथा अंतिम संस्कार संपन्न हुआ

# 107 वीं बार रक्तदान करने वाले पवन जायसवाल को मिला सम्मान

**राजापुर में आयोजित कार्यक्रम में रक्तदाताओं को किया गया सम्मानित**

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा




बहराइच। पड़ोसी देश नेपाल में स्वयंसेवी रक्तदाता समाज राजापुर और यूनिक नेपाल नयाँगाँव के संयुक्त आयोजन में राजापुर नगरपालिका बर्दिया के संरक्षकत्व सहकार्य में और उद्योगा बाणिज्य संघ राजापुर बर्दिया के सहयोग में शतक रक्तदाता सहित 18 स्वयंसेवी रक्तदाताओं को एक कार्यक्रम के बीच सम्मानित किया गया है। बर्दिया जिला में 25 बार से अधिक रक्तदान करनेवाले स्वयंसेवी रक्तदाता 17 लोग और बाँके जिला के शतक रक्तदाता स्वयंसेवी रक्तदाता पवन जायसवाल को कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि राजापुर नगरपालिका के प्रमुख दिपेश थारु ने माया की चिनो और सम्मानझ पत्र प्रदान करके सम्मान किया। बर्दिया जिला के सम्मानित ब्यक्तित्वों में रबिन बैश्य 25 बार, प्रेम ढुंगाना 25 बार, शंकर थारु 25 बार, सतिश पाण्डे 25 पटक, महेमूद अली मनिहार 25 बार, चल्टुराम थारु 26 बार, जीवन कुमार चौधरी 28 बार, रामबाबु सुवेदी 28 बार, खगेन्द्र बहादुर शाही 28 बार, गोपाल निरौला 30 बार, छबिलाल लम्साल 31 बार, मित्रलाल ढुंगाना 33 बार, नेपाल स्वयंसेवी रक्तदाता समाज बर्दिया के कोषाध्यक्ष उमा कुमारी मल्ल 39 बार, शयामलाल थारु प्रतिक 40 बार, चन्द्रमणि पौडेल 43 बार सीताराम चौधरी 58 बार, नेपाल स्वयंसेवी रक्तदाता समाज केन्द्रीय सदस्य तथा बर्दिया जिला अध्यक्ष प्रेम प्रसाद लम्साल 77 बखर और नेपाल स्वयंसेवी रक्तदाता समाज बाँके जिला के सल्लाहकार तथा शतक रक्तदाता पवन जायसवाल 107 बार रक्तदान कर चुके है उन को भी माया की चिनो सहित सम्मानझपत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में समाजसेवी बार रक्तदाता मौजूद रहे।

# पीएम श्री जीजीआईसी बहराइच मे खेलकूद समारोह संपन्न

**मुख्य अतिथि के रूप में रहे वीरेश कुमार वित्त एवं लेखाधिकारी**

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। बहराइच के गेंदघर के पास स्थित पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कालेज बहराइच में सोमवार को खेलकूद दिवस समारोह व प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को प्रमाण पत्र, मेडल एवं पुरस्कार दिया गया। खेलकूद एवं पुरस्कार विवरण बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में वीरेश कुमार वित्त एवं लेखाधिकारी( माध्यमिक )रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नागेंद्र कुमार प्रधानाचार्य जीआईसी बहराइच, डॉक्टर अमित कुमार पांडे प्रधानाचार्य जीआईसी रमपुरवा बहराइच उपस्थित रहे। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित व सरस्वती वन्दना करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उक्त विद्यालय की प्रधानाचार्या मधु यादव (पी०ई०एस०) ने छात्राओं को खेलकूद से सम्बन्धित विभिन्न पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तृत एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की। बदलते हुए समय की चुनौतियों के अनुरूप सही दिशा चुनने के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया और छात्राओं को अपनी इच्छानुरूप एवं योग्यता के आधार पर लक्ष्य हेतु प्रेरित किया गया। छात्राओं के विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताएं दौड़ प्रतियोगिता, जैवलिन थ्रो, कबड्डी खो-खो विभिन्न प्रकार के खेल इसके साथ ही नृत्य प्रतियोगिता गायन प्रतियोगिता निबंध कला आदि प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई तथा प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को पुरस्कार दिया गया। उक्त कार्यक्रम मे क्रीड़ा प्रभारी/प्रवक्ता पीएम श्री जीजीआईसी बहराइच श्रीमती मीनाक्षी सिंह, श्रीमती प्रतिमा कुमारी, सुश्री शाइस्ता खान, वरिष्ठ लिपिक अभिषेक साहू व समस्त शिक्षकाएं व अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# कैसरगंज में कटे होंठ व तालू के मरीजों के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**105 मरीजों का हुआ परीक्षण**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। कस्बा कैसरगंज स्थित जी०बी० हॉस्पिटल में वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. अरविन्द सिंह द्वारा कटे होंठ और तालू (क्लेफ्ट लिप एवं क्लेफ्ट पैलेट) के मरीजों के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में दूर-दराज से आए मरीजों का विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैसरगंज सांसद प्रतिनिधि सुनील सिंह मौजूद रहे। उनके साथ मंडल अध्यक्ष कैसरगंज शिवानंद सिंह, मंडल अध्यक्ष गजाधरपुर विशाल सिंह ह्यमुन्नाह्न, लोकतंत्र सेनानी बुद्धिसागर गुप्ता, भगवान दास सोनी, कौशलेंद्र चौधरी, प्रमोद गुप्ता (जरवल), बुद्धिराम यादव (प्रधान), अरविन्द सिंह (प्रधान), संजू गुप्ता बाबा, सोनू गुप्ता (नंदवल), संदीप यादव सहित क्षेत्र के अनेक प्रधान, बीडीसी सदस्य और सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

शिविर के दौरान करीब 105 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां उपलब्ध कराई गईं, जबकि 45 मरीजों को सर्जरी के लिए चिन्हित किया गया। चिकित्सकों के अनुसार चिन्हित मरीजों की आवश्यक जांच के बाद कल उनका ऑपरेशन किया जाएगा।

डॉ. अरविन्द सिंह ने बताया कि इस तरह के शिविरों का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराना है, ताकि कटे होंठ और तालू जैसी गंभीर समस्या से पीड़ित बच्चों व मरीजों को नई जिंदगी मिल सके।

शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे और मरीजों को हर संभव सहायता प्रदान की गई।

# 18 मार्च को बंद होगी पारले चीनी मिल




**किसानों को गन्ना आपूर्ति जल्द करने की अपील**

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। पारले चीनी मिल परसेंडी के पेराई सत्र 2025झ26 के समापन को लेकर मिल प्रबंधन ने अंतिम बंदी सूचना जारी कर दी है। जारी सूचना के अनुसार मिल का पेराई सत्र 18 मार्च 2026 को समाप्त कर दिया जाएगा। मिल प्रबंधन ने बताया कि मिलगेट व समस्त क्रय केंद्रों पर 13 मार्च 2026 से खुली खरीद की जा रही है, लेकिन मिल को उसकी पेराई क्षमता के अनुरूप गन्ना प्राप्त नहीं हो पा रहा है। ऐसे में गन्ना प्रबंधकों ने सभी किसानों से अपील की है कि जिन किसानों के पास अभी पेराई योग्य गन्ना उपलब्ध है, वे निर्धारित समय के भीतर मिल को गन्ना आपूर्ति कर दें। प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि 18 मार्च 2026 के बाद पेराई कार्य बंद कर दिया जाएगा और इसी के साथ पेराई सत्र 2025झ26 का समापन हो जाएगा। मिल प्रबंधन ने सफल संचालन में सहयोग देने के लिए किसान भाइयों, विभागीय अधिकारियों और मिल कर्मचारियों का आभार भी व्यक्त किया है।

# ख्वाजा गरीब नवाज जामा मस्जिद में रमजान की तराबीह मुकम्मल

**ग्राम प्रधान मोहम्मद असलम ने अंग वस्त्र व फूलों से किया स्वागत**

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। जरवल के ग्राम अटटेसा की ख्वाजा गरीब नवाज जामा मस्जिद में रमजान के पाक महीना के अवसर पर हाफिज आवेश अहमद द्वारा तराबीह में कुरान मुकम्मल सुनाया। इस मौके पर बड़ी संख्या में नमाजी मौजूद रहे। पूरे इस माह की इबादत के लिए दुआएं की गई मुल्क के अमन व चैन के लिए दुआएं की गई। इस मौके पर हाफिज आवेश अहमद ने रमजान और कुरान की बरकत पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि तरावीह में अल्लाह का कलाम सुनना बड़ी किस्मत की बात है। उन्होंने बताया कि वे लोग खुशनसीब हैं जिन्हें तरावीह के दौरान कुरान सुनने का मौका मिला यह हमारे नबी का सदका है जिसकी बदौलत हमें अल्लाह का कलाम नसीब होता है अल्लाह ने खुद फरमाया है कि कुरान को हमने नाजिल किया है और हम इसकी हिफाजत करेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि तरावीह अभी समाप्त नहीं हुई है तरावीह में कुरान पाक सुनना एक अलग सुन्नत है और पूरे रमजान में तरावीह पढ़ना अलग सुन्नत है। यह भी कहा कि मुसलमान को रोजा रखना चाहिए और अल्लाह की इबादत में ज्यादा से ज्यादा समय लगाना चाहिए। इस मौके पर पीर मोहम्मद, कल्लू, मोहम्मद सोहराब हब ग्राम प्रधान मोहम्मद असलम, हाफिज मोहम्मद अहसान, सिराज अहमद, अली हसन, मोहम्मद इलियास अतीक मास्टर, मेहंदी हसन फारूक अहमद तय्यब अली सैफ अली मुशीर अहमद मोहम्मद असद सहित सैकड़ो लोगों ने पूरे मुल्क के अमन चैन के लिए दुआएं मांगी।



# शादी से इनकार पर गर्लफ्रेंड की हत्या की

**बॉडी न्यूड करके फेंकी; अलीगढ़ में फिर खुद ट्रेन के आगे कूदा**

अमन लेखनी समाचार




अलीगढ़, प्रेमी ने अपनी गर्लफ्रेंड की गला घोंट कर हत्या कर दी। इसके बाद खुद सुसाइड कर लिया। मरने से पहले भाई को फोन कर कहा- उसने लड़की की हत्या कर दी है और अब खुद मरने जा रहा। इसके बाद एक वीडियो बनाया। बोला- ह्लदी एंडह्व। फिर ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। भदेही के पास रेलवे ट्रैक पर युवक की लाश मिली। युवती की लाश सुबह एक खंडहर हो चुके घर में मिली। युवती न्यूड थी। मुंह में अंडरगार्मेंट ठूसे गए थे। युवक की पहचान नलकूप ऑपरेटर शशि कपूर (25) के रूप में हुई है। युवती के भाई ने युवक पर रेप का आरोप लगाया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, लड़की की शादी किसी और से तय थी। इसी बात से शशि भड़का हुआ था। उसने लड़की को मिलने बुलाया। शादी करने को कहा। लड़की ने मना किया तो उसकी हत्या कर दी और बॉडी को न्यूड कर फेंक दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि रेप के आरोपों में कितनी सच्चाई है। इसकी पुष्टि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही हो पाएगी। मामला अकबराबाद थानाक्षेत्र के एक गांव का है।

### बंद पड़े मकान में मिलने को बुलाया था

अकबराबाद क्षेत्र के रहने वाले वीरेंद्र पाल सिंह का 25 वर्षीय पुत्र शशि कपूर, नलकूप विभाग में संविदा पर ऑपरेटर था। वह पांच भाई-बहनों में सबसे छोटा था। शशि का उसके गांव की रहने वाली 20 साल की युवती से अफेयर था। युवक-युवती की नजदीकियों की भनक जब घरवालों को हुई तो युवती की शादी अन्य जगह तय कर दी। शादी तय होने की वजह से युवक नाराज हो गया। बताया जा रहा कि युवक ने प्रेमिका को शुक्रवार दोपहर में मिलने को बुलाया।

# नेशनल वैक्सीनेशन डे पर छात्र-छात्राओं ने आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। नेशनल वैक्सीनेशन डे (राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस) के अवसर पर सोमवार सबलापुर के डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स सेमिनार व रमपुरवा गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नर्सिंग के छात्राओं ने पोस्टर प्रतियोगिता, पीपीटी प्रजेंटेशन व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को टीकाकरण के महत्व के बारे में विधिवत जानकारियां दी। नर्सिंग प्राचार्या डॉ रोजा रानी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित कर वैक्सीनेशन के महत्व पर जोर दिया और उन्हें इसके बारे में अधिक जानकारी दी। इस दौरान एसोसिएट प्रोफेसर संगीता पाल, असिस्टेंट प्रोफेसर फूलचंद्र डावरिया, सौम्या सिंह, उदय प्रताप वर्मा, चन्दन शर्मा, प्रतिज्ञा पाठक समेत समस्त फैकल्टी मौजूद रहीं।

# मां-बेटे समेत चार पर लाखों की ठगी का केस

**उज्जैन में जमीन बेचने के नाम पर धोखाधड़ी का आरोप**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ ,लाखों रुपये की धोखाधड़ी के मामले में मां-बेटे सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई महेशगंज थाना क्षेत्र के प्रतापपुर चेरगढ़ निवासी बृजेश सिंह की तहरीर पर की गई है। आरोप है कि आरोपियों ने बृजेश सिंह को मध्य प्रदेश के उज्जैन में जमीन और मकान बेचने का झांसा दिया। उन्होंने पीड़ित से बड़ी रकम ले ली, लेकिन बाद में संपत्ति का बैनामा करने से इनकार कर दिया। पीड़ित बृजेश सिंह के अनुसार, नगर पंचायत हीरागंज के ऐधा निवासी डॉ. आशीष, मीना सिंह, आलोक सिंह और बच्चा सिंह ने उन्हें मोबाइल फोन पर उज्जैन में छह बीघा जमीन और एक मकान बेचने की जानकारी दी थी। बातचीत के बाद 35 लाख रुपये में सौदा तय हुआ था। बृजेश सिंह ने 22 नवंबर 2023 को मीना सिंह और डॉ. आशीष के खातों में पांच-पांच लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए। इसके बाद 20 जनवरी 2024 को 90 हजार रुपये और 22 जनवरी को 1.60 लाख रुपये भी ऑनलाइन भेजे गए। इसके अतिरिक्त, चार लाख रुपये नकद भी दिए गए थे। पीड़ित का आरोप है कि पूरी रकम लेने के बाद जब बैनामा कराने की बात आई, तो मां-बेटे ने जमीन को विवादित बताकर रजिस्ट्री करने से मना कर दिया। विरोध करने पर उन्हें धमकी भी दी गई। बाद में बृजेश सिंह को पता चला कि यह जमीन पहले ही ऐधा की सुशीला पांडेय को बेची जा चुकी थी बृजेश सिंह की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# संक्षेप

## दरोगा भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से हुई पूरी

### 72 प्रतिशत परीक्षार्थी हुए शामिल, छात्र बोले- आसान पेपर से मेरिट बढ़ने की उम्मीद

बागपत , उत्तर प्रदेश पुलिस की दरोगा भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। बागपत एसपी के निर्देशन में पुख्ता इंतजाम किए गए, जिसके कारण दोनों पालियों में परीक्षा बिना किसी व्यवधान के पूरी हुई। परीक्षा में कुल 72 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया, जबकि 28 प्रतिशत अनुपस्थित रहे। पहली पाली में कुल 5040 में से 3626 परीक्षार्थी उपस्थित हुए और 1414 ने परीक्षा छोड़ दी। दूसरी पाली में भी 5040 परीक्षार्थियों में से 3660 शामिल हुए, जबकि 1380 अनुपस्थित रहे। परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्न पत्र आसान था। विशेषकर हिंदी विषय के प्रश्न काफी सरल थे। परीक्षार्थी कोमल ने कहा कि पेपर बहुत आसान था और उन्होंने इसे अच्छे से हल किया है, जिससे सफलता की शत-प्रतिशत उम्मीद है। परीक्षार्थी अर्पित ने बताया कि हिंदी और सामान्य ज्ञान सहित सभी विषयों के सवाल अच्छे थे। उन्होंने आशंका जताई कि पेपर आसान होने के कारण मेरिट थोड़ी ऊंची जा सकती है, लेकिन उन्हें सफलता मिलने की पूरी उम्मीद है।

## फोटोग्राफर से मारपीट, कैमरा तोड़ा

### शादी समारोह के दौरान हुई घटना, पुलिस जांच में जुटी

बागपत ,एक शादी समारोह के दौरान फोटोग्राफर और उसके साथी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि इस दौरान उनका करीब आठ लाख रुपये का कैमरा भी तोड़ दिया गया। पीड़ित फोटोग्राफर ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सादिकपुर सिनौली निवासी रोहनक मान ने पुलिस को बताया कि वह पेशे से फोटोग्राफर है। 12 मार्च 2026 को वह ख्वाजा नगला गांव में आकाश नामक युवक की शादी में फोटो और वीडियो शूट करने गया था। समारोह के दौरान जब रंग और पानी की रस्म चल रही थी, तब एक युवती ने रोहनक पर भी रंग और पानी डालना शुरू कर दिया। रोहनक ने युवती को मना किया कि उसके पास कैमरा है और पानी या रंग पड़ने से वह खराब हो सकता है, लेकिन युवती नहीं मानी और जबरदस्ती रंग डालती रही। पीड़ित के विरोध करने पर युवती ने उसके साथ बदतमीजी और गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि इसी दौरान युवती के परिजन और अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने फोटोग्राफर रोहनक और उसके साथी अंशु को घेर लिया। इसके बाद दोनों के साथ जमकर मारपीट की गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान उनका और उनके साथी का कैमरा छीनकर तोड़ दिया गया, जिसकी कीमत लगभग आठ लाख रुपये बताई जा रही है। किसी तरह दोनों वहां से अपनी जान बचाकर निकल पाए। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है और पुलिस फिलहाल घटना की जांच में जुटी हुई है। इसमें कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार का कहना है कि मुकदमा लिख लिया गया और जांच कर कार्रवाई की जाएगी

# ब्लॉक संसाधन केंद्र में आयोजित हुई शिक्षा विभाग की अभिभावक संगोष्ठी

## छात्रों समेत दिव्यांग बच्चों की शिक्षा को मजबूत बनाने पर हुई विस्तृत चर्चा

अमन लेखनी समाचार/समरजीत सोनकर

अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड ब्लॉक संसाधन केंद्र परिसर में एक दिवसीय अभिभावक संगोष्ठी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया खंड शिक्षाधिकारी श्रवणकुमार पाल के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम अंतर्गत परामर्शदाताओं ने अभिभावकों को दिव्यांग बच्चों के विषय में तथा उनकी शिक्षा को मजबूत गति प्रदान करने के विषय में विस्तृत चर्चा की कार्यक्रम में मौजूद परामर्शदाता एआरपी शिक्षक शैलेंद्र सचान पूनम वर्मा राजकुमार अजीत कुमार कमल किशोर तथा एल एल लफ टीम के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर कुंजबिहारी वर्मा समेत अन्य सभी शिक्षकों ने अभिभावकों को जागरुक



करते हुए सभी छात्र-छात्राओं समेत दिव्यांग बच्चों की शिक्षा में मजबूती प्रदान करने हेतु महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की अनेकों जानकारियां साझा करते हुए संगोष्ठी में मौजूद खंड शिक्षा अधिकारी श्रवणकुमार पाल ने अभिभावकों को प्रेरणा देते हुए दिव्यांग बच्चों के भविष्य के लिए नियमित रूप से विद्यालय भेजना तथा उनकी शिक्षा की देखरेख हेतु समय निकालने की अपील की खंड शिक्षा अधिकारी ने अभिभावकों को जागरुक करते हुए अपने संबोधन में कहा की सभी छात्र-छात्राओं समेत दिव्यांग बच्चों पर अभिवावकों को विशेष ध्यान रखना होगा जिसके लिए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजना तथा उनकी शिक्षा में सहयोग प्रदान करना अति आवश्यक है इस मौके पर मौजूद मशीन पाण्डेय रविशंकर रमाकांत मांडवी रेखा देवी आशा देवी समेत लगभग आधा सैकड़ा महिला पुरुष ग्रामीण अभिभावक समेत क्षेत्र के अन्य शिक्षक गण मौजूद रहे

# पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय में संपन्न हुआ वार्षिकोत्सव समारोह

## नन्हे मुन्ने बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम बने कौतूहल

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के मलवां विकासखंड शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर में वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वैष्णो कीर्ति शुक्ला की अगुवाई में मनाए गए समारोह अंतर्गत पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में विनोद कुमार एसआरजी राधेश्याम दीक्षित विशिष्ट अतिथि एआरपी संगीता आदि लोगों ने सहभागिता निभाई कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलन करते हुए मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध समिति अध्यक्ष मिथिलेश देवी द्वारा की गई आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह अंतर्गत पहुंचे मुख्य अतिथियों का विद्यालय की प्रधानाध्यापिका




वैष्णो कीर्ति शुक्ला प्रबंध समिति की अध्यक्ष मिथिलेश आदि द्वारा बैज अलंकरण तथा उपहार स्वरूप ऑक्सीजन युक्त पौधे देकर आभार व्यक्त किया गया कार्यक्रम के शुभारंभ में नन्हे मुन्ने बच्चों ने सरस्वती वंदना समेत राष्ट्रीय गीत का रंगारंग कार्यक्रमों की अद्भुत प्रस्तुति प्रस्तुत की जहां कार्यक्रम में चार चांद लगा रहे बच्चों के सुंदर-सुंदर वस्त्र फैंसी ड्रेस तथा अद्भुत कौतूहल पूर्ण प्रस्तुतियों को देख दर्शकगण भाव विभोर हो उठे कार्यक्रम के समापन में विद्यालय के बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया आए हुए सभी अतिथियों समेत अभिभावक व गणमान्य लोगों का विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वैष्णो कीर्ति शुक्ला ने आभार व्यक्त किया इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक रविंद्र अमरेंद्र नेहा तथा महेजबीन समेत विद्यालय के बच्चे वह अभिभावक क्षेत्रवासी मौजूद रहे

# बेटे ने की पिता की हत्या

## भोर में ईंट से कूंच दिया सिर, फिर चाकू से काटी अपनी कलाई

अमन लेखनी समाचार



अमन, आरोपी बेटा

मेरठ , सिविल लाइन थानाक्षेत्र में बेटे ने पिता की ईंट से कूंचकर हत्या कर दी है। घटना सुबह-सुबह 4 बजे की है। जब बेटे ने पिता के सिर पर ईंट से बार-बार वार किया। सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी ने बताया कि घटना सुबह भोर के समय की है। परिवार बिहार का बताया जा रहा है। वहीं सूचना पर थानापुलिस मौके पर पहुंची है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सूचना पर पहुंची थी पुलिस राजेश मूलरूप से मोतिहारी बिहार का निवासी था। उसकी पत्नी अनीता, बेटा अंकित, बेटी खुशी और छोटी बेटी जूली भी मां के साथ ही बिहार में रहते हैं। लेकिन राजेश अपने बड़े बेटे अमन के साथ मेरठ जेलचुंगी में रहता था। जेलचुंगी पर राजेश ने नगर निगम की 2 दुकानें ली हुई थी। पिछले लगभग 20 सालों से दोनों पिता, पुत्र यहीं इन दुकानों में रहते थे। कबाड़ का काम करते थे। बेटे ने अपनी कलाई भी काटी शनिवार सुबह अचानक स्थानीय लोगों ने सिविल लाइन थानापुलिस को बताया कि पिता, बेटे का झगड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। जब वहां जांच की तो अंदर राजेश लहुलूहान हालत में मृत पड़ा था। उसके सिर और छाती पर ईंटों से मारने के वार के निशान थे। वहीं पास ही बेटा अमन था। पुलिस जांच में पता चला कि अमन नशे का आदी है। शनिवार सुबह भी नशे की हालत में यहीं दुकान पर दोनों पिता, पुत्र का झगड़ा हुआ।

इसके बाद अमन ने ईंट मारकर पिता की हत्या कर दी। उसके बाद चाकू से अपनी कलाई काट ली। वहीं दुकान पर ही बैठ गया।

# एडीएम सिटी के ड्राइवर की संदिग्ध मौत

## पार्क में मिली डेडबॉडी, घरवालों का आरोप गनर, होमगार्ड ने पीटकर मार डाला

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , एडीएम सिटी के ड्राइवर अंकुर नागर उम्र 26 साल पुत्र बारू की संदिग्ध हालत में मौत हो गई है। वहीं घरवालों का आरोप है कि अंकुर की पीटकर हत्या की गई है। अंकुर नागर को होमगार्ड केपी, अनुज और शिवा ने पीट, पीटकर मार डाला। जबकि पुलिस के अनुसार प्रथम दष्टया पूरा मामला सुसाइड का लग रहा है। अब घरवालों ने घटना के खिलाफ शिकायत की है। जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक अंकुर हस्तिनापुर के इंद्रानगर का रहने वाला था। पूरी घटना 12 मार्च की है। मृतक अंकुर के भाई अखिलेश उर्फ गुड्डू का कहना है कि मेरा भाई अंकुर नागर था। जो एडीएम सिटी के यहां पिछले 1 साल से ड्राइवर था। बताया कि 12 मार्च को मेरा भाई अंकुर एडीएम सिटी के गनर, होमगार्ड केपी, अनुज और शिवा सभी एक गाड़ी में मिलकर सहारनपुर में शादी में गए थे। बताया कि एडीएम बृजेश कुमार सिंह



ड्राइवर अंकुर नागर, मृतक

के यहां भाई ड्राइवर था। मृतक अंकुर अभी कुंवारा था। मामा के बेटे को किया था लास्ट कॉल शादी से लौटते वक्त रात लगभग 11.30 बजे मेरे भाई अंकुर ने मेरे मामा के बेटे गुरमीत के नंबर पर अपने फोन से कॉल किया। कॉल कर भइया ने गुरमीत को बताया कि गाड़ी में केपी, अनुज, शिवा तीनों मेरे साथ मारपीट कर रहे हैं। इनका इरादा मुझे जान से मारने का है यह मुझे जान से मार सकते है अगर हो सके तो मुझे बचा लो इतना कहते ही किसी ने अंकुर का मोबाईल छीन लिया। इसके बाद हमारा भाई से कांटेक्ट नहीं हुआ। तीन लोगों पर हत्या का आरोप 13 मार्च की सुबह 7.30 बजे हमें सिविल लाइन चौकी से दरोगा हिमांशु यादव का फोन आया कि तुम्हारे भाई को बहुत चोट लगी है। उसे हमने मेडिकल अस्पताल में भर्ती कर रखा है। जब हम मेडिकल अस्पताल पहुंचे तो अंकुर नागर मृत अवस्था में था। अखिलेश ने कहा कि मेरे भाई की इन तीनों लोगों ने मिलकर हत्या की है। तीनों के खिलाफ मुकदमा कर कार्यवाही की जाए। पुलिस बोली सुसाइड किया थानाप्रभारी सौरभ शुक्ला का कहना है कि 3-4 बजे कमिश्नरी चौराहे पर कुटीचौराहे की ओर से बाइक पर आया था।

# नेशनल हाईवे से एयरोप्लेन के टायरों से भरा ट्रक चोरी

## 1 करोड़ के टायर बरामद, मेरठ पुलिस ने घेराबंदी कर चोर को दबोचा

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने नेशनल हाईवे पर घेराबंदी कर हवाई जहाज के टायरों से भरा एक चोरी का ट्रक बरामद किया है। इन टायरों की कीमत करीब एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली लगाकर ट्रक को रोका और आरोपी को हिरासत में ले लिया। औरैया निवासी ट्रक चालक लल्लन सिंह लक्सर से हवाई जहाज के टायर लेकर चला था। मुजफ्फरनगर के खतौली स्थित नेशनल हाईवे पर चीतल रेस्टोरेंट के पास उसने ट्रक सड़क किनारे खड़ा कर दिया और चाय पीने चला गया। इसी दौरान, ट्रक में चाबी लगी होने का फायदा उठाकर एक बदमाश ट्रक लेकर फरार हो गया और मेरठ की ओर भाग निकला। ट्रक चोरी होने का पता चलते ही चालक लल्लन सिंह ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और



रास्ते में कई जगह ट्रक को रोकने का प्रयास किया गया। हालांकि, आरोपी तेज रफ्तार में ट्रक दौड़ाता रहा और भागते समय उसने कई वाहनों को टक्कर भी मारी, जिससे हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद मेरठ के कंकरखेड़ा थाना पुलिस ने हाईवे पर घेराबंदी की। कंकरखेड़ा हाईवे चौकी पर तैनात हेड कांस्टेबल हरीश कुमार और कांस्टेबल विकास दहिया ने सूझबूझ का परिचय देते हुए सड़क के बीच ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य वाहन लगाकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया। जैसे ही चोरी का ट्रक वहां पहुंचा, पुलिस ने उसे रुकवा लिया ।

# पाकिस्तान के नंबरों पर वीडियो-फोटो भेजने वाले 6 गिरफ्तार

## यूपी के रेलवे स्टेशन और सुरक्षा ठिकानों के वीडियो बनाते थे, 8 मोबाइल बरामद

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद , दिल्ली-यूपी बॉर्डर से देश विरोधी गतिविधियों में शामिल 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें संभल की रहने वाली एक महिला भी शामिल है। आरोपियों के पास से 8 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। इनमें विदेशी नंबरों से हुई वीडियो चैट और अन्य संदिग्ध सामग्री मिली है। बरामद नंबरों में एक पाकिस्तान का नंबर भी शामिल है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी यूपी के रेलवे स्टेशनों और सुरक्षा ठिकानों के वीडियो बनाकर विदेशों में भेजते थे। इसके बदले उन्हें पैसे मिलते थे। पकड़ा गया सुहेल गैंग के अन्य सदस्यों को वीडियो और फोटो भेजने के लिए पैसे उपलब्ध कराता था। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। साथ ही बरामद मोबाइल फोन की भी जांच की जा रही है। अन्य आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस की तीन टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। विदेशी नंबरो पर भेजते थे वीडिय पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि भोवापुर के कुछ युवक संदिग्ध गतिविधियों में शामिल हैं। ये लोग रेलवे स्टेशन और सुरक्षा बलों के ठिकानों की फोटो और वीडियो बनाकर कुछ लोगों को भेजते थे और इसके बदले उन्हें पैसे मिलते थे। साथ ही ये लोग पैसों का लालच देकर अन्य युवाओं को भी इस काम में शामिल करने की कोशिश कर रहे थे। सूचना के आधार पर कौशांबी थाना पुलिस ने दबिश देकर 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान



आरोपी सुहेल के मोबाइल की गैलरी में रेलवे स्टेशनों और सुरक्षा बलों के ठिकानों की कई फोटो और वीडियो मिलीं। इसके अलावा कुछ आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई है। सभी आरोपियों के मोबाइल फोन में विदेशी नंबरों से चैट मिलने की भी पुष्टि हुई है। आरोपी संवेदनशील जगहों की फोटो और वीडियो बनाकर विदेशी नंबरों पर भेजते थे और इसके बदले पैसे लेते थे। साथ ही वे ज्यादा कमाई का लालच देकर अन्य लोगों को भी अपने साथ जोड़ने की कोशिश कर रहे थे। उनकी ये गतिविधियां देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता के लिए खतरा बन सकती थीं। जासूसी में एक महिला भी शामिलगिरफ्तार आरोपियों में सुहेल मलिक राज वाल्मीकि पुत्र अरविंद निवासी गांव भोवापुर गाजियाबाद, शिवा वाल्मीकि पुत्र रवि कुमार निवासी भोवापुर और रितिक गंगवार निवासी गाजीपुर सब्जी मंडी भोवापुर ( मूल निवासी गांव सुल्तानपुर थाना कटरा, जिला शाहजहांपुर ) शामिल हैं।

# निलंबित आईएएस बोले- पुलिस ने अपराधी बनाने की कोशिश की

## बिना किसी छानबीन के हिरासत में लिया और 24 घंटे तक प्रताड़ित भी किया गया

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मैं अपने आवास पर विश्राम कर रहा था। अचानक कोई तेज आवाज में दरवाजा पीटने लगा। मुझे लगा घर में कोई दिक्कत हुई है। जैसे ही दरवाजा खुला 8-10 लोग अंदर घुस गए। उन्होंने जबरन उन्हें गाड़ी में डाल लिया और नौचंदी थाने लेकर आ गए। यहां पूरी रात और अगले दिन शाम 5 बजे तक प्रताड़ित किया गया। यह कहना है 2008 में आईएएस क्रैक करने वाले मेरठ फूलबाग कालोनी निवासी राहुल कौशिक का जो खुद के साथ हुए दुर्व्यवहार के बाद पहली बार मीडिया के सामने आए। उन्होंने बताया कि पुलिस ने रात भर थाने में रखने के बाद अगले दिन शाम 5 बजे तक प्रताड़ित किया गया मदद के लिए मिलाया था अफसर को फोन राहुल कौशिक ने बताया कि उनसे किसी व्यक्ति द्वारा मदद मांगी गई थी। उस व्यक्ति की मदद करने के लिए ही



उन्होंने पुलिस के एक बड़े अधिकारी को फोन मिलाया। इसके कुछ देर बाद ही 10 से 12 लोग घर में घुस आए। उन लोगों ने बताया कि वह पुलिस डिपार्टमेंट से ही है। हालांकि राहुल यह नहीं बता सके कि उन्होंने किस अफसर को फोन किया था। रात भर रखा गया नौचंदी थाने में रात भर राहुल कौशिक को थाने में रखा गया। अगले दिन पुलिस ने उनको लेकर एक प्रेस वार्ता की और उनके फर्जी आईएएस अफसर होने का दावा किया। एक मुकदमा भी चुपके से राहुल के खिलाफ दर्ज कर दिया गया। जिसकी राहुल को भनक तक नहीं लगी लेकिन जैसे ही पुलिस को पता चला डिपार्टमेंट में खलबली मच गई। 24 घंटे होने से पहले ही उन्हें 151 की कार्रवाई के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस जांच को लेकर उठे सवाल एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने इस पूरे मामले को लेकर प्रेस वार्ता की थी। उन्होंने बताया था कि सीओ सिविल लाइन्स अभिषेक तिवारी ने मामले में जांच की थी। राहुल का कहना है कि चंद घंटे में पुलिस ने उनके बारे में पता लगा लिया। जबकि हकीकत यह है कि कांस्टेबल से लेकर उड तक कोई भी इस मामले में पूछताछ करने नहीं आया।राहुल बोल - सीएम से मिलकर रखेंगे बात पुलिस की प्रताड़ना के बाद राहुल कौशिक का परिवार दहशत में है। वह बताते हैं कि लगभग 24 घंटे पुलिस ने उन्हें हिरासत में रखा और फिर छोड़ दिया। अब 24 घंटे से ज्यादा हो चुके हैं। अभी भी पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी का कारण नहीं बताया है। वह इस मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने का प्रयास करेंगे।

# जनगणना-2027 की तैयारियां शुरू

## नागरिक खुद जानकारी भर सकेंगे, नगर आयुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद , नगर निगम में भारत की जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने अधिकारियों के साथ एक बैठक की। इसमें अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, जोनल प्रभारी और विभिन्न विभागों के



अधिकारी शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य जनगणना से जुड़े कार्यों को समय पर और व्यवस्थित ढंग से पूरा करना था। बैठक के दौरान, जनगणना निदेशालय लखनऊ से आई विशेषज्ञों की टीम ने नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को जनगणना प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बताया कि जनगणना का पहला चरण मकानों की गणना से शुरू होगा। इसके लिए मकान सूचीकरण ब्लॉक बनाए जाएंगे और संबंधित कर्मचारियों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। नगर आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों, निर्माण विभाग के अवर अभियंताओं, राजस्व निरीक्षकों और कर निरीक्षकों को आपसी समन्वय से कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर दिया कि सभी विभागों के संयुक्त प्रयास से जनगणना का कार्य समय पर पूरा किया जा सकेगा। बैठक में जानकारी दी गई कि 7 मई 2026 से 21 मई 2026 तक नागरिक स्वयं अपने मकानों की जानकारी ऑनलाइन भर सकेंगे।

# गाजियाबाद में गैस किल्लत और महंगाई पर आम आदमी पाटी का प्रदर्शन

## कलेक्ट्रेट में नारेबाजी की, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, देश में बढ़ती महंगाई और एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने गाजियाबाद में जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आह्वान पर किया गया। प्रदर्शन के बाद कार्यकताओं ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। इस प्रदर्शन का नेतृत्व जिला उपाध्यक्ष विजय शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि देश में लगातार बढ़ रही महंगाई



और गैस सिलेंडरों की कमी के कारण आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को गैस लेने के लिए फिर से लंबी लाइनों में लगना पड़ रहा है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है। प्रदेश प्रवक्ता तरुणिमा श्रीवास्तव ने बताया कि हाल ही में घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में 60 रुपये और कमर्शियल सिलेंडर में करीब 120 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। इससे होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड से जुड़े लाखों छोटे कारोबारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

# 8 साल की बच्ची से रेप

## दर्द होने पर परिजनों को पता चला, 14 साल के किशोर पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद , मुरादनगर की एक कॉलोनी में आठ वर्षीय बच्ची से 14 वर्षीय किशोर द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बच्ची के प्राइवेट पार्ट में दर्द होने पर परिजनों को घटना का पता चला। पुलिस ने आरोपी किशोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित बच्ची कक्षा तीन की छात्रा है। उसके प्राइवेट पार्ट में दर्द होने पर मां ने स्थानीय डॉक्टर को दिखाया। डॉक्टर ने बताया कि बच्ची के साथ गलत हुआ है। पूछने पर बच्ची ने पहले डर के कारण कुछ नहीं बताया, लेकिन बाद में अपनी मां को पूरी घटना बताई। बच्ची ने बताया कि




लगभग 25 दिन पहले वह घर के बाहर खेल रही थी। तभी पड़ोसी 14 वर्षीय किशोर उसे अपने साथ बाथरूम में ले गया और दुष्कर्म किया। किशोर ने बच्ची को यह बात किसी को न बताने की धमकी भी दी थी। जब पीड़ित बच्ची के परिजनों ने आरोपी किशोर के परिवार को इस बारे में बताया, तो वे आग बबूला हो गए और अभद्रता की। इसके बाद पीड़िता के पिता शनिवार को मुरादनगर थाने में तहरीर दी। एसीपी मसूरी सर्किल ने जानकारी दी कि तहरीर के आधार पर 14 वर्षीय किशोर के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी को पकड़कर किशोर न्याय बोर्ड में पेश किया जाएगा। बच्ची का मेडिकल करा लिया गया है और जल्द ही उसके बयान मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज कराए जाएंगे।

# जवान का पार्थिव शरीर पहुंचा गांव मचा कोहराम

## भारत माता की जय जयकारों के साथ नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई

**अमन लेखनी समाचार /शोभित शुक्ला**



फतेहपुर , जनपद के मलवां विकासखंड अंतर्गत अमौरा गांव निवासी अमर बलिदानी 25 वर्षीय शिवम सिंह का पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचा सूचना मिलने पर जनपद के अनेक क्षेत्रों समेत क्षेत्र के लोगों का भारी जन सैलाब अंतिम दर्शन के लिए उमड पड़ा वही पार्थिव शरीर के घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया सेना के जवानों ने पार्थिव शरीर पैतृक गांव निज निवास पहुंचाया जहां जनपद के जन प्रतिनिधियों समेत शासन प्रशासन के अधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नाम आंखों से अमर बलिदानी को अंतिम विदाई दी मिली जानकारी के अनुसार 25 वर्षीय शिवम सिंह सेना में भर्ती हुए जहां ट्रेनिंग के दौरान बिगत 27 फरवरी को गिर जाने से वह बुरी तरह घायल हो गए आनन-फानन सेना के जवान शिवम सिंह को अस्पताल ले गए जहां गंभीर चोट आने से शिवम सिंह कोमा में चले गए वहीं उपचार के चलते विगत दिवस 14 मार्च को भारत माता की सेवा में तत्पर होने वाले शिवम सिंह की सांसे थम गई जिसकी सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया अंतिम दर्शन के पश्चात अमर बलिदानी का अंतिम संस्कार संपन्न कराया गया जहां अंतिम यात्रा में शिवम सिंह अमर रहे भारत माता के जय आदि के जयकारों से समूचा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा सेना के जवानों ने गार्ड आफ आनर देकर सलामी दी तथा अंतिम संस्कार संपन्न हुआ

# कर्ज और फसल खराबी से परेशान किसान ने खेत पर लगाई फांसी, मौत

**अमन लेखनी समाचार**

गरौठा, झांसी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शीला में सोमवार सुबह एक किसान ने खेत पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के अनुसार किसान फसल खराब होने और कर्ज के बोझ से काफी परेशान था, जिसके चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम शीला निवासी कल्लू अहिरवार (55) पुत्र प्रभु अहिरवार सोमवार सुबह करीब 8:30 बजे अपने खेत पर गए थे। वहीं उन्होंने पेड़ से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। कुछ समय बाद उनके पुत्र देसराज को घटना की जानकारी मिली। परिजन तुरंत उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरसराय ले गए, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. रवि अनुरागी ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।



मृतक अपने पीछे दो पुत्र रामाधर व देसराज तथा दो बेटियों को छोड़ गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस से उपनिरीक्षक अखिलेश यादव मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। परिजनों का कहना है कि इस बार खेत में फसल अच्छी नहीं हुई थी और किसान पर कर्ज का बोझ भी था। इसी कारण वह पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में थे, जिसके चलते उन्होंने यह दुखद कदम उठा लिया।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत सोनभद्र पुलिस का जागरूकता अभियान, महिलाओं को दी सुरक्षा व साइबर अपराध से बचाव की जानकारी

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जनपद भर में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं, बालिकाओं और आम नागरिकों को सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. चारु द्विवेदी (सहायक नोडल अधिकारी, मिशन शक्ति 5.0) के नेतृत्व में विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों और ग्राम सभाओं में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान छात्राओं और महिलाओं को सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के तरीके, महिला उत्पीड़न से संबंधित कानूनी प्रावधानों और हेल्पलाइन सेवाओं की



जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के लिए भी लोगों को जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल या लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी और ओटीपी साझा करने जैसी गलतियों से बचकर ही साइबर अपराधों से सुरक्षित रहा जा सकता है। इसी क्रम में मिशन शक्ति 5.0 के तहत जनपद के विभिन्न बाजारों में एसिड या तेजाब बेचने वाली दुकानों पर विशेष चेकिंग अभियान भी चलाया गया। पुलिस टीमों ने दुकानदारों को बिना वैध पहचान पत्र और अभिलेख के एसिड की बिक्री न करने के निर्देश दिए। साथ ही दुकानों में स्टॉक रजिस्टर और सीसीटीवी व्यवस्था की भी जांच की गई तथा नियमों के उल्लंघन की स्थिति में कड़ी वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं और आम नागरिकों से अपील की कि किसी भी आपात स्थिति या अपराध की सूचना तुरंत हेल्पलाइन नंबरों पर दें, जिससे समय रहते कार्रवाई की जा सके।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरः

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

खास समाचार

## धारदार हथियार से युवक पर हमला, मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र के नया नटखेड़ा खरिका तेलीबाग में शनिवार शाम पड़ोसियों द्वारा एक युवक पर धारदार हथियार से हमला करने का मामला सामने आया है। घायल युवक की मां ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। नया नटखेड़ा खरिका तेलीबाग निवासी मीरा देवी पत्नी राजेश कुमार के मुताबिक 14 मार्च की शाम करीब आठ बजे उनका 18 वर्षीय बेटा धूप अपनी दादी के घर मच्छरदानी लेने गया था। आरोप है कि उसी दौरान पड़ोस में रहने वाले अर्जुन उर्फ सलीम, उसकी पत्नी रीमा और बेटा कुनाल ने उसे पकड़ लिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर अर्जुन उर्फ सलीम ने धारदार हथियार से युवक के गाल और पेट पर कई वार कर दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है

## मिजार्पुर में कांशीराम की 92वीं जयंती मनाई गई

**अमन लेखनी समाचार**

मिजार्पुरः जिगना क्षेत्र के छानबे परमानपुर मुख्यालय में डॉ. भीमराव सामाजिक सेवा समिति (भीम सेना) के नेतृत्व में डीएस-4 और कांशीराम की 92वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर भीम सेना के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट भीमराव गौतम ने कहा कि कांशीराम साहब ने अपना पूरा जीवन बहुजन समाज के अधिकार, सम्मान और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने शोषित, वंचित और बहुजन समुदाय को जागरूक कर उन्हें राजनीतिक सत्ता में हिस्सेदारी दिलाने का आंदोलन चलाया। उन्होंने कहा कि कांशीराम का नारा जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारीह्व आज भी सामाजिक न्याय की लड़ाई में मार्गदर्शक है। उनके बताए रास्ते पर चलकर ही बहुजन समाज को आगे बढ़ाया जा सकता है। कार्यक्रम में रामदास गुप्ता, भोला नाथ, बिहारी लाल, संजीव प्रजापति, कमलेश कुशवाहा, शुभम सरोज, सुनील कुमार गौतम, राजनाथ वर्मा, जगदीश प्रसाद विश्वकर्मा, रेखा देवी और बिंद्रा देवी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## पीपा पुल के अस्तित्व पर खनन माफिया की नजर , हादसे की आशंका

**अमन लेखनी समाचार**

जिगना,मिजार्पुर। जिगना थाना क्षेत्र के गौराझ्रपरमानपुर, सेमराध नाथ, पीपा पुल का अस्तित्व इन दिनों खतरे में पड़ता नजर आ रहा है। आरोप है कि खनन माफिया लगातार सक्रिय होकर पुल के आसपास तक बालू खनन कर रहे हैं, जिससे पुल की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बताया जाता है कि कुछ दिन पूर्व ही केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से बने पीपा पुल का उद्घाटन कराया गया था। कार्यदायी संस्था की ओर से पुल का निर्माण कराकर आमजन के आवागमन के लिए इसे शुरू किया गया था। लेकिन अब पुल के समीप ही खनन किए जाने से उसकी स्थिरता और सुरक्षा पर खतरा मंडराने लगा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खनन माफिया को क्षेत्र के विकास से कोई सरोकार नहीं है, बल्कि वे केवल अपने आर्थिक लाभ के लिए पुल के पास तक खनन कर रहे हैं। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना भी हो सकती है।

# ग्राम पंचायत गोइया खुर्द में लाखों का घोटाला आरोप सत्य

### जुबान से फर्जी विकास गाथा गा रहे प्रधान पति

**अमन लेखनी समाचार**

चित्रकूट। मऊ ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत गोइया खुर्द जो बरगढ़ थाना अंतर्गत पाठा क्षेत्र में आता है। गोइया खुर्द ग्राम पंचायत में प्रधान पति भीम पांडे हैं जो दबंग किस्म के व्यक्ति तथा उन पर बन संपदा में खनन करने का भी कई बार आरोप लग चुके हैं और फंस भी चुके हैं। कहने को तो प्रधान भीम पांडे की पत्नी जानकी देवी ग्राम प्रधानी नाम मात्र का कर रही है।पंचायती राज के 5 वर्ष लगभग पूरे होने को हैं अगले वर्ष चुनाव होना है,लेकिन भीम पांडे ने प्रधानी पद जीत करके ऐसा घोटाला किया है जिससे उनका मकान, गाड़ी जमीन सब बनकर तैयार है। गोइया खुर्द की पूरी ग्राम पंचायत के विकास लिए राज्य वित्त व केंद्र वित्त से 2 करोड़ 84 हजार 832 रुपए सरकार ने दिया है। जिस पर ग्राम प्रधान पति ने स्वच्छता के आधार पर लाखों रुपए खर्च दिखाकर पैसा बचाया, तथा पेय जल व्यवस्था



पर भी प्रधान ने 4 साल में लाखों रुपए हैंड पंपों पर कागज द्वारा लगाया है जो पैसा हजारों में लगाया गया है। मनरेगा के तहत अमृतसरोवर में लाखों रुपए का निर्माण कार्य दिखा करके लाखों रुपए बचाया गया है। ग्राम प्रधान ने वर्तमान विकास के लिए आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कराया, खाद गड्ढे बनवाया ,ठोस गीला कचरा केंद्र के लिए बिल्डिंग बनाई गई रोडे और नालियां जिसमें ग्राम प्रधान ने लाखों रुपए बचाया है। ग्राम प्रधान ने खेल के मैदान निर्माण, किसानों के खेत समतलीकरण, कच्चा पक्का निर्माण कार्य में भी लाखों रुपए बचाया है। ग्राम प्रधान पति भीम पांडे ने गोवंश भरण पोषण के पैसे में भी बड़ी लीपा पोती की है, पाठा क्षेत्र होने के कारण जंगलों में गोवंशों को चराकर लगभग 75% पैसा गोवंश के हित का बचाया है। जिसके तहत जिला विकास अधिकारी ने कई बार परसेंटेज काटकर प्रधान को चेताया भी है। ग्राम प्रधान पति भीम पांडे के पास ट्रैक्टर भी है ? जिसके तहत वह पाठा के जंगलों से पत्थर, मोरम, गिट्टी का धंधा भी अवैध रूप से करते हैं जिसके तहत उन्होंने अपनी छवि को अत्यधिक बली धन से बना लिया है। ग्राम पंचायत गोइया के सत्यनारायण कोल जो भूतपूर्व प्रधान है उन्होंने जो आरोप बताए हैं कि यह सत्य है कि प्रधान ने दो करोड़ में लगभग 80 लाख रुपए बचा करके ग्राम पंचायत का विकास किया है जो आधा अधूरा जनता की समस्या बनी हुई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यदि प्रधान की जांच अच्छे ढंग से हो तो उसके संपत्ति के खुलासा से भ्रष्टाचार खुलास हो सकता है।

# 12 वर्षीय बालक की हत्या का 24 घंटे में खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। जनपद के पन्नूगंज थाना क्षेत्र में 12 वर्षीय बालक की हत्या के मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल चाकू भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसओजी और पन्नूगंज थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस सनसनीखेज हत्या का खुलासा किया। जानकारी के अनुसार 14 मार्च 2026 की रात करीब 8:15 से 8:30 बजे के बीच पन्नूगंज थाना क्षेत्र के रामगढ़ कस्बे में एक बालक की हत्या की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस और उच्चाधिकारी मौके पर पहुंच गए और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। पूछताछ के दौरान वादी शिवमूरत गुप्ता निवासी रामगढ़ ने पुलिस को बताया कि उसका 12 वर्षीय नाती आर्यन गुप्ता और राज चौहान खेलकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में घात लगाकर बैठे दिवाकर गुप्ता ने दोनों बच्चों को पकड़ लिया और अंधेरे में ले



जाकर आर्यन गुप्ता की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। इस मामले में थाना पन्नूगंज में मुकदमा दर्ज कर पुलिस और एसओजी की चार टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी दिवाकर गुप्ता पुत्र गुलाब गुप्ता, निवासी कसारी थाना पन्नूगंज को 15 मार्च 2026 को दोपहर 1:05 बजे पकरहट नहर पुलिया राकी गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके परिवार और वादी पक्ष के बीच मकान के बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसके अलावा मृतक की मां द्वारा जादू-टोना किए जाने की आशंका और लगभग 15 वर्ष पहले उसके भाई की जलकर हुई मौत को लेकर भी उसे वादी पक्ष पर शक था। इसी रंजिश के चलते उसने इस वारदात को अंजाम दिया। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक कुमुद शेखर सिंह, एसओजी व सर्विलांस प्रभारी उपनिरीक्षक राजेश जी चौबे, हेड कांस्टेबल सुशील सिंह, कांस्टेबल ओमप्रकाश यादव समेत एसओजी टीम के अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया की गोरखपुर कार्यकारिणी घोषित, संजय कुमार सिंह बने जिला अध्यक्ष

### –स्वयं शाही उपाध्यक्ष, दिनेश चंद्र मिश्र संगठन मंत्री, राणा रंजीत वरिष्ठ महामंत्री एवं गिरीश महामंत्री

**अमन लेखनी समाचार**

गोरखपुर। जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया की गोरखपुर कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। जिसमें गोरखपुर के तेज तर्रार पत्रकार संजय कुमार सिंह को गोरखपुर जिले का अध्यक्ष बनाया गया है। अन्य पदाधिकारियों में स्वयं शाही को जिला उपाध्यक्ष, दिनेश चंद्र मिश्र को संगठन मंत्री, राणा रंजीत सिंह को वरिष्ठ महामंत्री एवं गिरीश नारायण शर्मा को महामंत्री बनाया गया है। जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनुराग सक्सेना के अनुमोदन पर राष्ट्रीय संयोजक डॉ



आरसी श्रीवास्तव ने वर्ष 2026 हेतु गोरखपुर कार्यकारिणी घोषित कर दी है। घोषित कार्यकारिणी के अनुसार गोरखपुर जिले का दायित्व पत्रकारिता में दो दशकों से अधिक का अनुभव रखने वाले वरिष्ठ पत्रकार संजय कुमार सिंह को सौंपा गया है। वहीं स्वयं शाही को जिला उपाध्यक्ष, दिनेश चंद्र मिश्र को संगठन मंत्री, राणा रंजीत सिंह को वरिष्ठ महामंत्री एवं गिरीश नारायण शर्मा को महामंत्री बनाया गया है। गोरखपुर कार्यकारिणी के घोषित होने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनुराग सक्सेना ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा है कि जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया पत्रकार हितों हेतु सदैव संघर्षरत है, हम उम्मीद करते हैं कि गोरखपुर कार्यकारिणी अधिक से अधिक पत्रकारों को अपने साथ जोड़कर पत्रकार हितों के लिए आवाज बुलंद करेगा। राष्ट्रीय संयोजक डॉ आरसी श्रीवास्तव ने गोरखपुर कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की है कि अनुभवी पत्रकार संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में गोरखपुर कार्यकारिणी पत्रकार हितों की लड़ाई लड़ने में अपनी अग्रणी भूमिका निभाएगी।

# दिग्विजय नाथ पी.जी. कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय शिविर का भव्य शुभारंभ

**अमन लेखनी समाचार**

गोरखपुर। दिग्विजय नाथ पी.जी. कॉलेज, गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की चारों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सप्तदिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ आज दिनांक 15 मार्च 2026 को बड़े उत्साह, अनुशासन और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय, सहजनवा के प्राचार्य प्रोफेसर विनोद कुमार पाल उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के यशस्वी प्राचार्य प्रोफेसर ओम प्रकाश सिंह ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी माँ सरस्वती, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप, युगपुरुष महंत दिग्विजय नाथ जी महाराज तथा राष्ट्रसंत महंत अवैद्यनाथ जी महाराज के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। इसके उपरांत छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत ने कार्यक्रम को भक्तिमय और प्रेरणादायक वातावरण प्रदान किया। यह सुंदर प्रस्तुति अंकिता तिवारी, कनकलता शर्मा एवं रविता द्वारा दी गई, जिसकी सभी उपस्थित लोगों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। मुख्य अतिथि प्रोफेसर विनोद कुमार पाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को समाज से जोड़ने और उनमें सेवा, अनुशासन तथा नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि आज के युवा यदि सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को अपने जीवन का लक्ष्य बना लें तो समाज और राष्ट्र दोनों का भविष्य उज्ज्वल हो सकता है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे इस सप्तदिवसीय शिविर को केवल औपचारिक कार्यक्रम न मानकर इसे समाज के लिए कुछ सकारात्मक करने का अवसर समझें। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता जैसे कार्यों में एनएसएस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने कहा कि सेवा के माध्यम से ही मनुष्य में संवेदनशीलता, अनुशासन और नेतृत्व की भावना विकसित होती है। प्राचार्य ने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे समाज के कमजोर वर्गों की सहायता, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान और सामाजिक जागरूकता जैसे कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएँ। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह शिविर विद्यार्थियों के भीतर सेवा, सहयोग और राष्ट्रप्रेम की भावना को और मजबूत करेगा। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर जितेन्द्र कुमार पाण्डेय ने अत्यंत प्रभावशाली एवं सुव्यवस्थित ढंग से किया। कार्यक्रम की प्रस्ताविकी डॉ. निधि राय ने प्रस्तुत की, जिसमें उन्होंने शिविर के उद्देश्यों तथा आगामी सात दिनों में आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. पीयूष सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीप यादव सहित अनेक स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएँ उपस्थित रहीं, जिनमें अनुराग मिश्रा, विवेक, क्षमा पाण्डेय, चांदनी मिश्रा, निशा चौहान, प्रिय पासवान, अर्पिता गुप्ता आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# चलती ट्रेन से गिरे बेटे को बचाने के लिए पिता ने लगाई छलांग, दोनों घायल

**अमन लेखनी समाचार**

झांसी। बिजरोठा और जखौरा रेलवे स्टेशन के बीच उस समय अफरा-तफरी मच गई जब तेज रफ्तार से दौड़ रही दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस से एक बच्चा अचानक नीचे गिर गया। बेटे को गिरता देख पिता ने भी उसे बचाने के लिए तुरंत चलती ट्रेन से छलांग लगा दी। इस हादसे में पिता-पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार झांसी जिले के थाना ककरवई क्षेत्र के ग्राम ककरवई निवासी विजय अहिरवार (40) शनिवार शाम अपने छह वर्षीय बेटे अमन अहिरवार और चार वर्षीय बेटे नमन अहिरवार के साथ दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे थे। ट्रेन जैसे ही बिजरोठा और जखौरा स्टेशन के बीच पहुंची, तभी गेट के पास खड़ा अमन अचानक ट्रेन से नीचे गिर गया। बेटे को गिरते देख पिता विजय



अहिरवार ने बिना देर किए उसे बचाने के लिए चलती ट्रेन से छलांग लगा दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रेन में मौजूद यात्रियों ने तुरंत घटना की सूचना रेलवे कंट्रोल को दी। सूचना मिलते ही जीआरपी और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और रात के अंधेरे में करीब तीन किलोमीटर तक रेल पटरी पर पैदल चलकर दोनों की तलाश की। कुछ दूरी पर पिता-पुत्र पटरी के किनारे घायल अवस्था में पड़े मिले। इसके बाद दोनों को उपचार के लिए तालबेहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टरों ने अमन की हालत गंभीर देखते हुए उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। उपचार के बाद रविवार को अमन और उसके पिता विजय को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई पिता और पुत्र दोनों अपने घर ग्राम ककरवई पहुंच गए है, जबकि विजय का दूसरा पुत्र नमन ट्रेन में छूट गया जिसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल सकी है। घटना के बाद क्षेत्र में पिता के साहस और बेटे के प्रति उसके प्रेम की चर्चा हो रही है।

# जंगल में संदिग्ध हाल में पेड़ से लटकता मिला दंपति का शव

### चोपन थाना क्षेत्र में घटना हुई, पुलिस ने शव को उतरवाया शवों को पीएम के लिए भेजने के साथ ही पुलिस मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के कोटा में रविवार को संदिग्ध हाल में दंपति का शव पेड़ से लटकता मिला। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को नीचे उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजवा दिया। एसपी अभिषेक वर्मा ने सिटी सीओ रणधीर मिश्रा और थाना प्रभारी अखिलेश मिश्रा को जल्द से जल्द मौत के कारणों का पता लगाने के निर्देश दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार चोपन थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोटा के जंगलली इलाके में रविवार को कुछ लोगों ने एक महिला और पुरुष का शव पेड़ से लटकता देखा। कुछ ही देर में काफी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने शव की पहचान रामसुरत खरवार पुत्र धनराज 45 और खुशिया पत्नी रामसुरत 40 निवासी झलुहंवा कोटा ग्राम पंचायत, थाना चोपन के रूप में किया। पुलिस ने बताया कि ग्रामीणों से पूछताछ करने पर पता चला कि रामसूरत और उसकी पत्नी बुधवार को छिकडाडाड़ किसी के घर मिट्टी का दिवाल उठाने गए थे, काम करके वापस जंगल की रास्ते लौट रहे थे, लेकिन घर नही पहुंचे। कुछ ग्रामीणों की चचाओं पर गौर करें तो महिला के सिर पर गंभीर चोट का निशान है। रामसुरत पहले अपने पत्नी का मारकर खुद फांसी पर लटक गया है। बॉडी पूरी तरह से अकड़ गई है। इस संबंध में चोपन थाना प्रभारी अखिलेश मिश्रा ने बताया कि दंपति के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का सही पता चल सकेगा।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews @gmail.com**



# सरकार 4 में नजर आएंगे अमिताभ और अभिषेक

मुंबई। फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा ने अपनी पॉलिटिकल-क्राइम फिल्म 'सरकार 4' की कास्ट को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा, 'मैं इस फिल्म की शूटिंग इस साल के बीच में करूंगा। जब निर्देशक से फिल्म की कास्ट के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन दोनों इस फिल्म का हिस्सा होंगे। हालांकि, उन्होंने फिल्म के बाकी कलाकारों के बारे में कोई खुलासा नहीं किया। राम गोपाल वर्मा ने आगे कहा कि वो इस फिल्म को एक साल में ही खत्म करना चाहते हैं। इसके बाद वो 'सिंडिकेट'मूवी पर काम करना चाहते हैं, जिसका ऐलान उन्होंने पहले किया था।

लाइफ Style

# निकिता

## मुझे अफवाहें फैलाना पसंद नहीं

कई सेलेब्रिटीज के बाद अब अभिनेत्री निकिता दत्ता ने भी इंडस्ट्री में होने वाले पीआर गेम पर बात की। साथ ही उन्होंने सुर्खियां बटोरने के लिए फैलाई जाने वाली अफवाहों की खुलकर आलोचना की। इस दौरान एक्ट्रेस ने सिंगर जुबीन नौटियाल के साथ अपने रिलेशनशिप और शादी की खबरों पर भी प्रतिक्रिया दी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री का कहना है कि वह अनजाने में भी अफवाहों का हिस्सा नहीं बनना चाहतीं। एक बातचीत के दौरान निकिता ने जुबीन नौटियाल के साथ अपनी शादी की अफवाहों पर कहा कि पीआर के बारे में मेरी समझ की बात करें, तो बेशक यह बहुत देर से आई। यह एक ऐसी बात है, जिसका मुझे अफसोस है और काश कबीर सिंह के रिलीज होने के समय मुझे इस बात की थोड़ी बेहतर जानकारी होती कि चीजें कैसे काम करती हैं। दूसरी बात अगर आप इन सभी वर्षों में मेरे करियर को देखें, तो मैंने व्यक्तिगत और निजी जीवन के बीच एक सीमा बनाए रखी है। इस सीमा को मैंने कभी पार नहीं किया है। आपने मेरे बारे में कभी भी मनगढ़ंत अफवाहें नहीं सुनी होंगी। मैं वैसी इंसान नहीं हूं। मैं न तो ऐसी अफवाहें फैलाना पसंद करती हूं और न ही उनका हिस्सा बनना, चाहे अनजाने में ही क्यों न हो। मैं ऐसी चीजों का समर्थन नहीं करती। मार्केटिंग स्ट्रेटजी के बारे में एक्ट्रेस ने कहा कि यह प्रोडक्शन हाउस का निर्णय होता है। बीते दिनों निकिता को जुबीन नौटियाल के साथ सिंगर के होम टाउन में देखा गया था। इसके बाद ही दोनों के रिलेशनशिप में होने की चर्चाएं सामने आई थीं।



हॉलीवुड मसाला




# मैं किसी चैटबॉल को डेट नहीं कर रहा हूं

लॉस एंजिल्स। पिछले दिनों एक पॉडकास्ट में बताया गया कि एक हॉलीवुड एक्टर चैटबॉट के साथ डेटिंग कर रहा है। इसके बारे ही सोशल मीडिया पर जेक ब्राफ का नाम इस मामले में उछाला गया। जब मामले मे ज्यादा तूल पकड़ा तो एक्टर ने इंस्टाग्राम के जरिए अपना पक्ष रखा। वह पोस्ट में लिखते हैं, 'मैं किसी चैटबॉट को डेट नहीं कर रहा हूं। मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि मुझे यह शब्द लिखने पड़ रहे हैं। यह सब 'स्क्रब्स'शो के एक एपिसोड की कहानी है, इसमें एक लड़का चैटबॉट को डेट करता है। हो सकता है कि उस बात के कारण यह अफवाह उड़ी है।'



# गन केस में जेल जाने से बचे सिंडी के बेटे डक्लिन

लॉस एंजिल्स। सिंडी लॉपर के बेटे डक्लिन लॉपर को एक हथियार मामले में आरोपी माना गया था। मगर इस मामले में अब सिंगर का समझौता हो चुका है। इस समझौते की वजह से उन्हें अब जेल की सजा की जगह प्रोबेशन पर रखा जाएगा। अमेरिकन सिंगर सिंडी लॉपर के बेटे डक्लिन लॉपर पर 2024 में अवैध हथियार रखने और गोली चलाने के आरोप लगे थे। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट्स के अनुसार डक्लिन ने अपने आपराधिक हथियार रखने के आरोप को स्वीकार कर लिया था। अब समझौते के तहत उन्हें जेल की सजा के बजाय एक साल के अंतरिम प्रोबेशन की सजा सुनाई गई है। यह आरोप मैनहैटन में हुई गोलीबारी से जुड़ा हुआ है। इस आदेश के अनुसार लॉपर को नशा मुक्ति के उपचार कराना होगा। यह कार्यक्रम पूरा करने के बाद ही उन्हें हथियार रखने के आपराधिक आरोप में दोषी ठहराया जा सकेगा।



# 100 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

मुंबई। 70-80 के दशक की जानी-मानी अभिनेत्री मधु मल्होत्रा का निधन हो गया है। बताया जा रहा है कि उन्होंने 72 साल की उम्र में मुंबई में 13 मार्च को आखिरी सांस ली। उनके निधन की खबर से बॉलीवुड में शोक की लहर है और कई लोग उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दे रहे हैं। मधु मल्होत्रा ने अपने करियर में कई फिल्मों में काम किया और भले ही वे ज्यादा सुर्खियों में नहीं रहीं, लेकिन अपने किरदारों से उन्होंने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। उन्होंने 1970 और 80 के दशक में हिंदी सिनेमा में काफी काम किया और 100 से ज्यादा फिल्मों का हिस्सा रहीं। उन्हें खास पहचान फिल्म हीरो के मशहूर गाने 'लंबी जुदाई'से मिली थी। यह गाना आज भी लोगों के दिलों में बसा हुआ है और इसी गाने ने उन्हें दर्शकों के बीच यादगार बना दिया।



# गोलमाल-5 में अक्षय की हुई एंट्री...

मुंबई। निर्माता-निर्देशक रोहित शेट्टी अपना 52वां जन्मदिन के मौके पर अपनी सबसे सफल फ्रेंचाइज 'गोलमाल'की पांचवीं फिलम 'गोलमाल 5' की घोषणा कर दी है। साथ ही एक मजेदार वीडियो भी साझा किया है। रोहित शेट्टी ने फिल्म की घोषणा करते हुए अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की। इस पोस्ट में उन्होंने एक लंबा नोट लिखते हुए एक मजेदार वीडियो साझा किया है। वीडियो में फिल्म की शूटिंग के कुछ सीन शामिल है। रोहित द्वारा शेयर किए गए वीडियो में अंत में अक्षय कुमार की एंट्री होती है। अक्षय फिल्म में बिल्कुल अलग लुक में नजर आएंगे। वीडियो में अक्षय काले रंग का तहमद और कुर्ता पहने बाल्ड लुक में नजर आए। बिना बालों के अक्षय को देखकर अजय देवगन और रोहित शेट्टी भी हंसते दिखाई दिए।

टीवी मसाला



# कृष्णा ने पलटा गेम, द 50 से आरुषि, सपना और मनीषा बाहर

नई दिल्ली। शो 'द 50' का हाल ही में एक प्रोमो रिलीज हुआ। यह शो अपने फिनाले की तरफ बढ़ रहा है। अब प्रतियोगी शो में बने रहने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। इस शो में बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ की बहन कृष्णा श्रॉफ भी बतौर प्रतियोगी नजर आ रही हैं। हालिया प्रोमो वह एक प्रतियोगी और अपनी टीम मेंबर से लड़ती-झगड़ती दिखीं। कृष्णा श्रॉफ ने अपनी ही टीम मेंबर आरुषि को शो से बाहर करने के लिए हामी भरी। यह बात आरुषि को बुरी लगी, उसने कृष्णा से सवाल-जवाब किया। इस दौरान कृष्णा ने कहा कि उनकी प्रायोरिटी सिर्फ 'द 50' शो है, ना कि कोई प्रतियोगी। इस तरह से कहीं ना कहीं कृष्णा ने अपने ही टीम मेंबर को शो में बने रहने के लिए धोखा दिया। आरुषि को वोट आउट करने से पहले ही कई प्रतियोगी दो दिन पहले ही शो से बाहर हो चुके थे। इस लिस्ट में डांसर सपना चौधरी और इंफ्लुएंसर मनीषा रानी शामिल हैं। सपना चौधरी इस शो के कारण काफी चर्चा में आईं, उनके बाकी प्रतियोगियों से काफी झगड़े भी हुए।'द 50' शो में विनर बनने की दौड़ में शिव ठाकरे आगे दिख रहे हैं। इनके अलावा प्रिंस नरुला का नाम भी विनर के तौर पर सामने आ रहा है। दर्शक इन दोनों को काफी पसंद कर रहे हैं। 'द 50' शो की बात करें तो इसमें लगभग 50 प्रतियोगी शामिल हुए थे। जिसमें कुछ एक्टर, इंफ्लुएंसर, स्पोर्ट्स पर्सन थे। अब तक कई लोग शो से बाहर हो चुके हैं। यह रियलिटी शो जीयो हॉटस्टार पर और कलर्स चैनल पर टेलीकास्ट होता है।

## जसकोमल पर दिल हार बैठीं पवित्रा

नई दिल्ली। अपनी सगाई की घोषणा के लगभग छह महीने बाद, पवित्रा पुनिया एक बार फिर चर्चा में हैं। पवित्रा के मंगेतर का चेहरा सामने आ गया है। उनके होने वाले पति जसकोमल सिंह ने खुद सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर करके सबको चौंका दिया है, जिसमें वो पवित्रा को प्रपोज करते नजर आ रहे हैं। जसकोमल सिंह अमेरिका में रहते हैं और एक बिजनेसमैन हैं। मनोरंजन इंडस्ट्री से उनका कोई लेना-देना नहीं है। वह बहुत अच्छे और दयालु इंसान हैं, जैसा कि पवित्रा ने एक इंटरव्यू में कहा था। संगीत से उन्हें काफी लगाव है। उनका इंस्टाग्राम गाने के वीडियो से भरा पड़ा है।



उनके इंस्टाग्राम पर करीब 23.7 हजार फॉलोअर्स हैं, लेकिन वे सिर्फ 52 लोगों को फॉलो करते हैं। पवित्रा ने बताया था कि वे काफी समय से साथ हैं और यह रिश्ता उन्हें सही लगता है। उनका परिवार भी इस रिश्ते से बहुत खुश है। इससे पहले पवित्रा का रिश्ता अभिनेता एजाज खान से था।

# किसी ने महज 10 साल में जीता अवॉर्ड तो किसी को मिली प्लास्टर की ट्रॉफी

नई दिल्ली। पहला ऑस्कर समारोह 16 मई 1929 को लॉस एंजिल्स के हॉलीवुड रूजवेल्ट होटल में एक निजी डिनर के रूप में आयोजित किया गया था। यह समारोह सिर्फ 15 मिनट ही चला था। पहले ऑस्कर अवॉर्ड में विंग्स को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का अवॉर्ड मिला था। जबकि एमिल जैनिंग्स सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और जेनेट गेनर सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री बनी थीं। वहीं फ्रैंक बोरजेज को 'सेवन हेवन' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक (ड्रामा) का ऑस्कर मिला था।

व्यक्तिगत तौर पर वाल्ट डिज्नी ने सबसे अधिक 26 ऑस्कर जीतने का रिकॉर्ड बनाया है, और उन्हें 59 बार नामांकित किया गया था।

अमेरिकी अभिनेत्री टैटम ओ नील सबसे कम उम्र में ऑस्कर जीतने वाली शख्स हैं। उन्होंने सिर्फ 10 साल की उम्र में 'पेपर मून' फिल्म के लिए अवॉर्ड अपने नाम किया था।

क्रिस्टोफर प्लंबर ऑस्कर जीतने वाले सबसे उम्रदराज कलाकार हैं। उन्होंने 82 साल की उम्र में यह अवॉर्ड जीता।

कैथरीन बिगेलो ऑस्कर जीतने वाली पहली महिला निर्देशक हैं। उन्हें 2010 में फिल्म 'द हर्ट लॉकर' के लिए यह अवॉर्ड मिला था।



साउंड मिक्सर केविन ओ कोनेल एक ऐसे शख्स हैं, जिन्होंने 20 नॉमिनेशंस के बावजूद आज तक कोई ऑस्कर नहीं जीता है।

जैक निकोलसन सबसे ज्यादा बार नॉमिनेट होने वाले एक्टर हैं जिन्हें 12 ऑस्कर्स मिल चुके हैं।

जीवित व्यक्तियों में सबसे ज्यादा बार कंपोजर जॉन विलियम्स को नॉमिनेट किया गया है। उन्हें 49 ऑस्कर नॉमिनेशन मिले हैं।

पीटर फिंच और हीथ लेजर एकमात्र ऐसे अभिनेता हैं जिन्हें मरणोपरांत ऑस्कर से सम्मानित किया गया है।

ऑस्कर की ट्रॉफी सोने की बनी होती है। लेकिन एक समय ऐसा भी था जब ऑस्कर की ट्रॉफी प्लास्टर की दी गई थी। दरअसल, दूसरे विश्व युद्ध के दौरान धातु की कमी के कारण, 3 साल तक ऑस्कर की मूर्तियां सोने के बजाय प्लास्टर की बनाई गई थीं।

1938 में अमेरिकी एक्टर एडगर बर्गन को ऑस्कर की अनोखी ट्रॉफी दी गई थी। ये ट्रॉफी लकड़ी की बनी हुई थी, जिसमें एक चलता हुआ मुंह था, जो चार्ली मैकार्थी की वेंट्रिलोक्विज्म विशेषता को दर्शाता था।

ऑस्कर के इतिहास में केवल 3 लोग ही ऐसे हैं जिन्होंने ये अवॉर्ड लेने से मना कर दिया। इनमें डडली निकोल्स, जॉर्ज सी. स्कॉट और मार्लन ब्रांडो के नाम शामिल हैं। इन्होंने व्यक्तिगत सिद्धांतों और राजनीतिक विरोध के चलते पुरस्कार लेने से मना किया था।

जेनिफर लॉरेंस ने 2013 में ऑस्कर में 40 लाख डॉलर की ड्रेस पहनी थी, जो ऑस्कर इतिहास की सबसे महंगी ड्रेसों में से एक है।

# धुरंधर 2 की रिलीज से पहले रणवीर संग दिखीं दीपिका...

मुंबई। बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा जोड़ी रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की एक साथ झलक पाने को फैंस हमेशा बेकरार रहते हैं। हील ही में रणवीर और दीपिका लंबे समय बद एक साथ स्पॉट हुए। दोनों को एक साथ किसी खास की शादी में देखा गया, जिसकी तस्वीरें अब सोशल मीडिया हैंडल पर जमकर वायरल हो रही हैं।दीपिका और रणवीर काफी समय बाद सार्वजनिक रूप से एक साथ दिखाई दिए हैं। हाल ही में, रणवीर और उनकी पत्नी दीपिका एक शादी में साथ दिखे। दोनों स्टाइलिस्ट एका लखानी और प्रोड्यूसर रवि भगचंदका की शादी में शामिल हुए, जो 14 मार्च को हुई। दोनों ने पैपराजी से बचने की कोशिश की, लेकिन एक मेहमान के साथ उनकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। फैंस दोनों को एक साथ शादी में देखकर काफी खुश हैं। दीपिका ने गुलाबी ड्रेस पहनी हुई है। हैवी ज्वेलरी और हल्के मेकअप में दीपिका बेहद खूबसूरत लग रही हैं। वहीं रणवीर कढ़ाई वाले कुर्ते में बहुत हैंडसम दिख रहे हैं। रणवीर के फैंस हमेशा उन्हें और दीपिका को साथ देखने के लिए उत्सुक रहते हैं, ऐसी तस्वीरें देखकर फैंस खुश हो जाते हैं।



स्टाइलिस्ट एका लखानी और प्रोड्यूसर रवि भगचंदका की शादी में दीपिका और रणवीर के अलावा अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ जैसे सेलेब्स भी शामिल हुए। अदिति राव हैदरी की भी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। 'धुरंधर: द रिवेंज' की रिलीज से ठीक पहले दीपिका और रणवीर की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। फिल्म 'धुरंधर 2' 19 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## फिल्ममेकर्स मानते थे लकी, गरीबी में तोड़ा दम

# हीरालाल : भारतीय सिनेमा का पहला विलेन, देश की आजादी के लिए लड़ा

*मुंबई। जब भी भारतीय सिनेमा के आइकॉनिक विलेन्स की बात होती है, तो जेहन मे शाकाल, मोगेम्बो और गब्बर जैसे किरदार और उन्हें निभाने वाले एक्टर्स के चेहरे ही उभरते है, लेकिन जानते है कि भारतीय सिनेमा का पहला विलेन कौन था? भारतीय सिनेमा की शुरुआत साल 1913 में हुई थी। तब पहली बार लोगों को फिल्मों और फिल्मी पर्दे के बारे में पता चला था। फिर धीरे-धीरे फिल्मों मे नेगेटिव किरदारों की शुरुआत हुई, तो सबसे पहला मौका इसी एक्टर को मिला। ये थे हीरालाल यानी हीरालाल ठाकुर, जिन्हें भारतीय सिनेमा का पहला विलेन माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि भारतीय सिनेमा मे विलेन के किरदारों की शुरुआत हीरालाल ने ही की थी। लेकिन हीरालाल की उपलब्धि सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं रही। बल्कि वह देश की आजादी की लड़ाई भी लड़े। हीरालाल ने अपने 50 साल से अधिक लंबे करियर में 150 फिल्में की, पर अफसोस कि जब उनकी मौत हुई, तो जेब में एक फूटी कौड़ी नहीं थी। 'संडे सिनेमा' की स्पेशल सेगमेंट में भारतीय सिनेमा के इसी नायाब हीरे यानी हीरालाल ठाकुर की कहानी बता रहे हैं।*



### निभाए ज्यादातर नेगेटिव किरदार

हीरालाल ठाकुर ने वैसे तो फिल्मों में कैरेक्टर आर्टिस्ट का रोल ही प्ले किया था, पर उनके ज्यादातर किरदार नेगेटिव थे। इसी वजह से उन्हें भारतीय सिनेमा का 'बैडमैन' कहा जाने लगा था। हीरालाल साल 1912 में लाहौर में पैदा हुए थे। परिवार में कोई भी फिल्मों में नहीं था, लेकिन उन्हें रामलीला देखकर एक्टिंग का शौक लग लग गया। रामलीला में भी वह रावण के किरदार से प्रभावित थे। यह प्रभाव इस कदर हावी था कि हीरालाल ने विलेन बनकर छाने और नेगेटिव किरदार से ही शुरुआत करने का फैसला कर लिया।

### इस फिल्म ने रातोंरात बनाया स्टार

हीरालाल इसी ख्वाहिश के साथ फिल्मों में आ गए। उन्होंने साइलेंट फिल्मों के दौर में सिनेमा में कदम रखे थे। हीरालाल ठाकुर को पहली फिल्म साल 1924 में ऑफर हुई थी, जिसका नाम 'सफदर जंग' था, लेकिन उन्होंने शूटिंग 1929 में फिल्मों में एंट्री के बाद शुरू की थी। इसी के साथ हीरालाल को 'डॉटर्स ऑफ टुडे' नाम की एक फिल्म भी ऑफर हुई। वह फिल्म 'सफदर जंग' से पहले रिलीज हो गई। यह 1928 में आई थी और हीरालाल की बतौर डेब्यू पहली फिल्म मानी जाती है। इसके बाद जब 'सफदर जंग' रिलीज हुई, तो वह ब्लॉकबस्टर रही और हीरालाल छा गए।

### बंटवारे के बाद भारत आए

फिर आया साल 1945, जब बंटवारे की बादल हावी होने लगे। उसी दौरान हीरालाल ने लाहौर में दर्पणरानी नाम की एक लड़की से शादी कर ली और पांच बेटे-एक बेटी के पिता बने। साल 1947 में बंटवारा हुआ तो हीरालाल पाकिस्तान छोड़कर भारत आ गए और कोलकाता में बस गए। फिर वहां से 1949 में बॉम्बे चले गए। चूंकि, हीरालाल की पंजाबी, उर्दू, हिंदी और इंग्लिश भाषा पर अच्छी-खासी पकड़ थी, इसलिए उन्हें बॉम्बें में काम ढूंढने में कोई दिक्कत नहीं हुई। फिल्मों में भी आसानी से काम मिल गया।

### ऑल टाइम हिट फिल्में



कृष्ण लीला (1946), सीता (1934), मेरी बहन (1944), अरेबियन नाइट्स (1946), महबूबा (1954), शाह बेहराम (1955), रियासत (1955), सिंदबाद, अलीबाबा और अल्लादीन (1965), शीबा और हरक्यूलिस (1967), अलीबाबा (1976)।

### 20 साल में 20 फिल्में

इस एक फिल्म ने हीरालाल को साइलेंट फिल्मों के दौर के टॉप स्टार्स में ला खड़ा किया। इसके बाद हीरालाल के पास फिल्मों की लाइन लग गई। 'सिनेमाजी' के मुताबिक, उन्होंने 1928 से साल 1948 के बीच करीब 20 फिल्में कीं, जिनमें विलेन और नेगेटिव रोल प्ले किए। वो सभी फिल्में हिट रहीं और मेकर्स उन्हें अपना लकी चार्म मानने लगे। बताया जाता है कि उसके बाद सभी मेकर्स हीरालाल को अपनी फिल्म में साइन करने के लिए उत्साहित रहते थे। उनकी ज्यादातर फिल्में हिट हो जाती थीं। इनमें 'कृष्ण लीला', 'सीता' और 'मेरी बहन' जैसी फिल्में शामिल हैं। अपने करियर में हीरालाल ने सिर्फ नेगेटिव किरदार ही निभाए, बल्कि पौराणिक, एक्शन और फैंटेसी जॉनर की फिल्मों में भी हाथ आजमाया, और वहां भी उन्हें सफलता ही हाथ लगी।